हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

www.naisochlive.com | पटना, शनिवार, 14 दिसंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 290, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com



फिल्म बागी 4 में नजर आएंगी अभिनेत्री सोनम बाजवा टाइगर श्रॉफ के साथ बनी...



# कुंभ में एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी : पीएम नरेन्द्र मोदी

### प्रधानमंत्री ने प्रयागराज को दी 5500 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात

**एजेंसी, महाकुम्भ नगर (प्रयागराज)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान 5500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री पूरी तरह से कुंभ के रंग में रंगे दिखे। उन्होंने संबोधन में कई श्लोक के जरिए प्रयागराज और कुभ की महिमा का बखान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महाकुंभ से एकता का संदेश निकलेगा, भाषा, जाति और क्षेत्र का कोई भेद नहीं होगा। यहां सब एक होंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर मुझे इस महाकुंभ का वर्णन करना हो तो मैं कहूंगा कि एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। इस आयोजन की भव्य एवं दिव्य सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। हमारा भारत पवित्र नदियों और तीर्थस्थलों का देश है। इन नदियों के प्रवाह की जो पवित्रता है, अनेकानेक तीर्थों का जो महत्व है, उनका संगम, उनका समुच्चय, संयोग, प्रभाव प्रताप प्रयाग है। यह केवल तीन पवित्र नदियों का संगम ही नहीं है। श्लोक के साथ प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सूर्य मकर में प्रवेश करते हैं सभी दैवीय शक्तियां प्रयाग में आ जाती हैं। प्रयागराज की प्रशंसा वेदों में भी किया गया है। उन्होंने प्रयाग के पवित्र स्थलों का जिक्र करते हुए गुणगान किया। यह वह धरती है जहां धर्म, अर्थ, कम और मोक्ष सुलभ है। मुझे आशीर्वाद है कि यहां बार-बार आने का सौभाग्य मिलता है। आज हमने लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया। अक्षय वट का पूजन किया। इन दोनों स्थलों पर कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। यहां हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है। आप सबको इसके लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सैकड़ों साल की गुलामी का कालखंड रहा हो या कोई अन्य विपरीत परिस्थिति, आस्था का यह प्रवाह कभी नहीं रुका। यह



इसलिए संभव हुआ है क्योंकि कुंभ में आना स्वतः चेतना की प्रेरणा से होता है। ऐसा संगम शायद ही दुनिया में कहीं मिलता है। यहां ज्ञानी, अज्ञानी, छोटे-बड़े, जातियों का भेद मिट जाता है। सब एक हो जाते हैं। इस बार भी यहां अलग-अलग राज्यों से करोड़ों लोग जुटेंगे। उनकी भाषा, मान्यताएं अलग हो सकती हैं लेकिन यहां सब एक हो जाएंगे। इसीलिए मैं कहता हूं कि यह एकता का महाकुंभ होगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत की तस्वीर महाकुंभ पेश करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ में देश की स्थिति परिस्थिति पर संत महात्माओं का जुटान होता है। वे बैठकर चर्चा परिचर्चा करते थे। समाज की समस्याओं का हल निकालने का संदेश देते थे। आज भी वह प्रवाह चल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुंभ का इतना महत्व होने के बावजूद पहले की सरकारों में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। श्रद्धालु कष्ट उठाते रहे लेकिन उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा। उनका सनातन भारतीय संस्कृति से लगाव नहीं था। आज की डबल इंजन की सरकार संस्कृति और सभ्यता को महत्व देने वाली हैं। इसलिए हजारों करोड़ की परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। अयोध्या, वारणसी, लखनऊ, रायबरेली से कनेक्टविटी को बेहतर किया गया है। हमारी सरकार ने विकास के साथ-साथ विरासत को भी समृद्ध बनाने पर फोकस किया है। आज देश के अलग-अलग हिस्सों में बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट जैसे अन्य सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। अयोध्या के विकास के हम सब साक्षी हैं। विश्वनाथ धाम, महालोक की चर्चा आज विश्व में है। प्रयागराज का विकास इसी का प्रतीक है। हमारा यह प्रयागराज निषादराज की भी भूमि है। भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम बनने में एक महत्वपूर्ण पड़ाव श्रृंगवेरपुर भी है। केवट ने अपने प्रभु को सामने पाकर उनके पैर धोए थे। इसमें भगवान और भक्त की मित्रता का संदेश है। श्रृंगवेरपुर धाम का विकास किया जा रहा है। भगवान राम और निषादराज की प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को संदेश देती रहेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कुभ की तैयारी में जुटे कर्मचारियों खासकर सफाई कर्मियों के प्रति अग्रिम आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के पुण्य में आप भी भागीदार बनेंगे। जैसे भगवान कृष्ण ने जूठे पत्तल उठाकर यह संदेश दिया था। आप ही हैं जो सुबह सबसे पहले उठते हैं और देर रात तक कार्य करते रहते हैं। वर्ष 2019 में इसलिए मैने आपके (सफाई कर्मियों) पैर धोकर अपनी कृतज्ञता व्यक्त की थी। मोदी ने कहा कि यहां से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ जाती है। आमतौर पर इसकी चर्चा नहीं हो पाती। पूरे कुंभ के दौरान लोग आएंगे। नाविक साथियों, पूजा पाठ कराने वाले, व्यापारियों को आर्थिक रूप से समृद्धि मिलेगी। तमाम माध्यमों से अर्थव्यवस्था में गति आएगी। सामाजिक समरसता के साथ आर्थिक शक्ति भी मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जहां पर त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम ने त्रिवेणी के दर्शन किए थे, आज उसी त्रिवेणी स्थल पर दुनिया के लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी का आगमन हुआ है।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति रविवार से भारत यात्रा पर



**एजेंसी, नई दिल्ली** । श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसनायके तीन दिवसीय भारत यात्रा पर आ रहे हैं। श्रीलंका के राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद यह उनकी पहली अन्तरराष्ट्रीय यात्रा होगी।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नियमित पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। दिसानायके 15 से 17 दिसंबर तक तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत आयेंगे। अपनी यात्रा के दौरान दिसानायके भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उनका बौद्ध गया जाने का भी कार्यक्रम है। राष्ट्रपति दिसानायके की यात्रा के बारे में श्रीलंका के कैबिनेट प्रवक्ता और स्वास्थ्य मंत्री नलिंदा जयतिसा ने भी बताया राष्ट्रपति के साथ विदेश मंत्री विजिता हेराथ और वित्त उप मंत्री अनिल जयंता फर्नांडो भी होंगे। उल्लेखनीय है कि दिसानायके इसी साल सितम्बर माह में श्रीलंका के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। उसके बाद भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी कोलंबो यात्रा के दौरान 4 अक्टूबर को उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया था।

## आरबीआई मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, मामला दर्ज



**एजेंसी, मुंबई/नई दिल्ली**। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को शुक्रवार को एक धमकी भरा ई-मेल मिला। इसमें आरबीआई के मुंबई मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ये ई-मेल आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर आया है, जिसमें धमकी रूसी भाषा में दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आरबीआई मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल की जानकारी मिलने पर मुंबई पुलिस ने भारतीय न्याय संहित की संबंधित धाराओं के तहत इस मेल को भेजने वाले के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आज सुबह मुंबई स्थित आरबीआई मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल मिला। इस धमकी के संबंध में एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और फिलहाल जांच चल रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने संसद हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी



**एजेंसी, नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद पर हुए आतंकी हमले की 23वीं बरसी पर अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, किरेन रिजिजू और और अन्य नेता शामिल हैं। 13 दिसंबर 2001 को दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल जगदीश, मातबर, कमलेश कुमारी, नानक चंद और रामपाल, दिल्ली पुलिस में हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, बिजेंद्र सिंह और घनश्याम तथा सीपीडब्ल्यूडी के माली देशराज ने आतंकवादी हमले के दौरान संसद की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था।

## भारत ने हासिल की एयर-टु-एयर मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने अब हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शुक्रवार को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का अंतिम परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मदद करेगी। डीआरडीओ के मुताबिक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रणोदन आधारित मिसाइल प्रणाली का अंतिम प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा है। ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण



रेंज (आईटीआर) से किये गए परीक्षण में इस्तेमाल की गई जटिल मिसाइल प्रणाली ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर में तैनात टेलीमेट्री, रडार और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंट्स ने इस प्रणाली के सफल प्रदर्शन को पुष्ट किया।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इस बार भाजपा जीतेगी दिल्ली विधानसभा चुनावः स्मृति ईरानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने आज कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत संगठन है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा दिल्ली में होने वाले विधान सभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने वाली है। स्मृति ईरानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) द्वारा चलाए जा रहे अभियान के चौथे दिन "बूथ सशक्तिकरण विभाग" के अंतर्गत बूथ के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर स्मृति ईरानी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय



गोयल और भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा के आवास पर नाम पट्टिका के साथ- साथ पार्टी के झंडे लगाए । स्मृति ईरानी ने कहा कि जब हम बूथ को ताकत देते हैं, तब प्रदेश में ताकत बढ़ती है। भाजपा के कार्यकर्ताओं का नेतृत्व का यह सौभाग्य है कि कमल निशान हमारी राजनीति की पहचान है। आज सभी कार्यकर्ताओं के लिए उल्लास का विषय है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं का यह गौरव है कि आज सभी बूथ की समिति मंडल के कार्यकर्ता सहित हमारे प्रदेश के पहले अध्यक्ष विजय कुमार मल्होत्रा से आशीर्वाद ले रहें हैं, जिन्होंने दिल्ली में भाजपा को यहां तक पहुंचाने के सफर में पहले दिन से लगे हैं। उधर, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानाथी श्रीनिवासन ने निगम पार्षद शिखा राय, जिला अध्यक्ष राजीव राणा एवं प्रदेश मीडिया रिलेशन विभाग प्रमुख विक्रम मित्तल के आवास पर नाम पट्टिका लगाकर पार्टी का झंडा फहराया।

## सुखबीर बादल व अकाली नेताओं की धार्मिक सजा पूरी

**एजेंसी, चंडीगढ़** । अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह द्वारा अकाली नेता सुखबीर बादल व अन्य को सुनाई गई धार्मिक सजा शुक्रवार को पूरी हो गई। दस दिनों तक विभिन्न गुरुद्वारों में सजा भुगतने के बाद सुखबीर बादल आज अन्य अकाली नेताओं के साथ दरबार साहिब पहुंचे। यहां अकाल तख्त सचिवालय में सुखबीर बादल व अन्य नेताओं की धार्मिक सजा का ब्यौरा दर्ज किया गया। सुखबीर बादल ने अकाल तख्त साहिब के समक्ष अपनी गलतियों के लिए क्षमा याचना अरदास करवाई। अरदास के पश्चात सुखबीर बादल अब सामान्य जीवन में लौट आए हैं। अकाली दल प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि हमें श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा जो आदेश दिए गए, हमने उसे माना और अपनी सेवा पूरी की।

## प्रयागराज पहुंचे पीएम, संगम में की पूजा

**एजेंसी, महाकुम्भ नगर (प्रयागराज)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरा पर त्रिवेणी संगम में पूजा अर्चना कर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक होने जा रहे महाकुम्भ के सफल आयोजन की कामना की। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी की आरती कर वैश्विक कल्याण का भी संकल्प लिया। तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रों के बीच पूरा कार्यक्रम संपन्न कराया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने त्रिवेणी में अक्षत, चंदन, रोली, पुष्प और वस्त्र भी अर्पित किए। इससे पूर्व मोदी ने प्रमुख साधु संतों का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री निषादराज क्रूज पर



सवार होकर संगम नोज पर पहुंचे। किला घाट पर फ्लोटिंग जेटी से होते हुए वो क्रूज पर सवार हुए। व्हाइट कुर्ता-पजामा, ब्लू जैकेट, मैरून कलर की शॉल पहने प्रधानमंत्री ने क्रूज पर सवार होने के बाद डेक पर खड़े होकर यमुना की लहरों को निहारा। यहां से वह घूम-घूमकर पूरे क्षेत्र का अवलोकन भी करते नजर आए। इसके बाद रिवर क्रूज पर विहार का भी आनंद उठाया। संगम नोज पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने एक बार फिर उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने साधु-संतों से मुलाकात की और उनका अभिवादन किया। इस दौरान एक संत ने उन्हें मोतियों की माला भी भेंट की। यहां से प्रधानमंत्री सीधे संगम नोज पर बने पंडाल में पहुंचे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना संग बासुकीनाथ में की पूजा-अर्चना

**एजेंसी । दुमका**

राज्य में एक बार फिर सत्ता की कमान संभालने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शुक्रवार को फौजदारी दरबार बासुकीनाथ पहुंचे। जहां उन्होंने पत्नी कल्पना सोरेन संग विधि विधान के साथ बाबा का पूजा अर्चना और श्रृंगार किया। इसके बाद माता पार्वती काली एवं शत्रु संहारिणी बंगलामुखी की पूजा की गई। पूजा के समापन पर मंदिर परिसर में एक भव्य आरती के कार्यक्रम में बाबा बासुकीनाथ सहित मंदिर में मौजूद समस्त देवी-देवताओं की आरती उतारी गई। इस दौरान जरमुंडी के पूर्व विधायक बादल हेमंत के साथ पूजा अर्चना करते नजर आए। वहीं झामुमो नेता सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फौजदारी नाथ से प्रदेशवासियों के लिए खुशहाली का कामना किया। उधर जिला प्रशासन की ओर से डीसी अंजनेयुलु दोड्डे सहित अन्य अधिकारियों ने सीएम को फूलों का गुलदस्ता एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मालूम हो कि मुख्यमंत्री के बासुकीनाथ आगमन को लेकर जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी मुस्तैद नजर आए। मुख्यमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बासुकीनाथ धाम को अभेद किला में तब्दील कर दिया गया था। इतना ही नहीं तीर्थ नगरी की साफ-सफाई की व्यवस्था अन्य दिनों की तुलना में कुछ खास नजर आई।



## कांग्रेस ऐसी पार्टी है, जिसके साथ चिपकती है उसको भी सूखा देती है : जेपी नड्डा

**एजेंसी, रायपुर**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर अब नंबर तीन की तैयारी में है। कांग्रेस पार्टी नरेन्द्र मोदी का विरोध करते-करते देश का विरोध करने लगी है। कांग्रेस ऐसी पार्टी है जो परजीवी की तरह जिसके साथ चिपकती है, उसको भी सूखा कर देती है, उसकी भी छुट्टी कर देती है। उन्होंने कहा कि आज मूल्यांकन करने का भी दिन है। मैं हमेशा कहता हूं कि उजाले का मजा तभी आता है, जब अंधकार की त्रासदी पहचानते हो। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा शुक्रवार को रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड पर प्रदेश में भाजपा सरकार के एक



साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनादेश परब में शामिल हुए। इस दौरान एक सभा को सम्बोधित करते हुए नड्डा ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर हमला किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित साय सरकार के मंत्रिमंडल के सहयोगी, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस मौके पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने प्रदेश में विष्णु देव साय सरकार के एक साल का कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व कांग्रेस सरकार के पांच साल के कार्यकाल की तुलना में भाजपा सरकार के एक साल के कामकाज का जिक्र करते हुए कहा कि जनता को आगाह किया कि अगर उजाले को संभाल कर नहीं रखोगे, तो अंधेरा आने में देर नहीं लगती है। जेपी नड्डा ने कहा कि आज मूल्यांकन करने का भी दिन है कि आपने किस पार्टी को किन नेताओं को सेवा का मौका दिया। प्रकाश का मजा तभी आता है, जब तुम अन्धकार की त्रासदी तुम पहचानते हो। जब तक अंधकार नहीं जानोगे तब तक उजाले का मजा नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि जार्ज सोरोस नामक व्यक्ति इस देश में संसद के सत्र से पहले देश को अस्थिर करने के लिए झूठी रिपोर्ट लेकर आता है। सोनिया गांधी व राहुल गांधी का उससे की रिश्ता है। पेगासस रिपोर्ट लेकर आए कांग्रेस ने सदन की कार्रवाई नहीं चलने दी। जब-जब पार्लियामेंट लगेगा तब-तब देश में अस्थिरता लाने के लिए गलत खबर आती है। यहां उसके भोंपू के रूप में उसके बोलने का काम लीडर आफ अपोजिशन राहुल गांधी करते हैं, यह देश को अस्थिरता को लाने का काम होता है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी सत्ता की गद्दी पर बैठने की साजिशें रच रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजद में शुरू हुई प्रेशर पॉलिटिक्स : प्रभाकर मिश्र

» महुआ से चुनाव लड़ने पर अड़े लालू के बहुरुपिया पुत्र

» राजद का दूसरा नाम 'लालू एंड फैमिली प्राइवेट लिमिटेड

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने राजद पर करारा तंज कसते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव होने में अभी कई महीनों का समय है। लेकिन, उसके पूर्व राजद में सीटों को लेकर प्रेशर पॉलिटिक्स शुरू हो गया है। यह प्रेशर पॉलिटिक्स की नयी शुरुआत लालू परिवार से हुई है। श्री मिश्र ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राजद का दूसरा नाम 'लालू एंड फैमिली प्राइवेट लिमिटेड' है। यहां किसी की नहीं चलती, सिर्फ लालू और उनके परिवार की ही चलती है। लालू परिवार के लिए राजद में एक सूत्रवाक्य है, 'खाता न बही, हम जो कहें, वहीं सही।' इस सूत्रवाक्य का पालन करते हुए लालू जी के बहुरुपिया पुत्र ने टिकट को लेकर प्रेशर पॉलिटिक्स शुरू कर दी है। लालू जी के बड़े पुत्र तेजप्रताप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर खुलेआम कहा कि अगला विधानसभा चुनाव वे महुआ सीट से ही लड़ेंगे। उन्होंने अपने पोस्ट में तेजस्वी यादव और अपने पिता लालू प्रसाद को भी टैग किया है। पिछले एक सप्ताह के दौरान यह दूसरा मौका है जब तेज प्रताप ने महुआ सीट को लेकर अपनी दावेदारी पेश की है। श्री मिश्र ने कहा इसके बाद अब राजद में लोकतंत्र के नाम पर रह क्या जाता है? कल लालू परिवार के दूसरे लोग दूसरी सीटों पर दावा ठोक देंगे। राजद कार्यकर्ता जो उम्मीदवारी की आस में मेहनत-मशक्कत कर रहे, उन्हें निराशा ही हाथ लगेगी। श्री मिश्र ने कहा कि राजद में लालू परिवार की मनमानी चलती है, वहां न तो वरिष्ठता का कोई कद्र है और न ही ईमानदारी और कर्मठता का कोई सम्मान।

### गुण नियंत्रण एवं मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं में कार्यरत पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**पटना।** सरकार के क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक खेती केन्द्र, भुवनेश्वर के द्वारा 09-13 दिसम्बर तक रसायन भवन, मीठापुर के सभागार में राज्य के अधिसूचित गुण नियंत्रण एवं मिट्टी जाँच प्रयोगशालाओं में कार्यरत विश्लेषकों एवं तकनीकी पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्घाटन संयुक्त निदेशक विनय कुमार पाण्डेय एवं संनत कुमार जयपुररियार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं यथा परम्परागत कृषि विकास योजना, भागीदारी गारंटी प्रणाली, जैविक खेती, तथा नमामी गंगे जैसी योजनाएँ के संचालन में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही, प्रस्तावित नये गुण नियंत्रण प्रयोगशालाओं के संचालन में भी ये प्रशिक्षित पदाधिकारी अपना योगदान देंगे एवं अपने जिला अंतर्गत उर्वरक निरीक्षक का कार्य बेहतर तरीके से करने में सफल होंगे। इस प्रशिक्षण से किसानों का भला होगा तथा जैविक खाद की बिक्री, उत्पादन तथा गुण नियंत्रण प्रणाली को सुदृढ़ होगा। प्रशिक्षण उपरांत भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय अंतर्गत क्षेत्रीय जैविक एवं प्राकृतिक केन्द्,र भुवनेश्वर के द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया।

### पांच सदस्यीय बॉल बैडमिंटन चयन समिति गठित

**पटना।** बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में एवं मधेपुरा जिला बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा 15 से 17 दिसंबर तक कामेश्वर मध्य विद्यालय परमानंदपुर ,मधेपुरा में आयोजित होने वाली 31वीं बिहार राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप पुरूष व महिला को सफल बनाने हेतु मर्चेंट नेवी अधिकारी-सह-आयोजन अध्यक्ष नरेंद्र चन्द्र नवीन के देखरेख में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर ने बताया कि चैंपियनशिप के मैचों के सफल संचालन हेतु 15 राष्ट्रीय व राज्य स्तर के तकनीकी पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। श्री शंकर ने यह भी बताया कि इसी राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर बिहार बॉल बैडमिंटन टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए 14 पुरूष व 12 महिला खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा। बिहार टीम के चयन हेतु पांच सदस्यीय चयन समिति का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष रंजन कुमार गुप्ता पटना होंगे जबकि राकेश रंजन,मिताली मित्रा पटना, संतोष कुमार शर्मा मधुबनी , विशाल कुमार सिवान सदस्य होंगे।

### रेखा राय पटना फुटबॉल लीग में गांधी मैदान एफसी व दूजरा एफसी विजयी

**पटना।** पटना फुटबॉल संघ के तत्वावधान में खेली जा रही रेखा राय पटना जिला जूनियर डिवीजन फुटबॉल लीग में खेले गए मैचों में गांधी मैदान एफसी और दूजरा एफसी ने जीत हासिल की।पहले मैच में दूजरा एफसी ने पटना एकेडमी को 1-0 से हराया। विजेता टीम की ओर से सतलाल मुर्म ने गोल दागा और उन्हें सूरजदेव कुमार ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।दूसरे मैच में गांधी मैदान एफसी ने रैनबो एफए को 3-0 से हराया। इस मैच के पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ और परिणाम 0-0 की बराबरी पर रहा। दूसरे हाफ में गांधी मैदान एफसी का जलवा रहा। पांच मिनट के अंदर गांधी मैदान एफसी के खिलाड़ियों ने तीन गोल दागे। खेल के 54वें और 59वें मिनट में अभिषेक कुमार, 58वें मिनट में दिलीप किशू ने गोल दाग कर गांधी मैदान एफसी को 3-0 से जीत दिला दी। रैनबो एफसी के अविनाश को पीला कार्ड दिखाया गया। गांधी मैदान एफसी के गौरव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मनोहर राय ने प्रदान किया।

### 02 जनवरी को मनेगी एबी बर्द्धन की पुण्यतिथि

**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बिहार राज्य परिषद ने 12-13 दिसम्बर, 2024 को संपन्न अपनी बैठक में पार्टी की स्थापना के 100वें वर्ष को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाने के राष्ट्रीय आह्वान की रौशनी में पार्टी की गतिविधियों, सांगठनिक विस्तार और विचारधारात्मक प्रचार-प्रसार को तेज रफ्तार देने के लिए व्यापक कार्य योजना बनायी है, जिसमें 02 जनवरी को पार्टी के दिवंगत महासचिव एबी बर्धन की 10वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जनशक्ति भवन, अमरनाथ रोड, अदालतगंज, पटना के प्रांगण में भव्य राज्य स्तरीय शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें पार्टी के वर्तमान राष्ट्रीय महासचिव का० डी. राजा मुख्य अतिथि होंगे। इससे पूर्व 26 से 31 दिसम्बर, 2024 तक सभी जिलों और प्रखंडों में शताब्दी वर्ष के सम्मान में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे और पार्टी के झंडे फहराये जायेंगे। इस शताब्दी वर्ष के दौरान पार्टी की सदस्यता दोगुनी करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए अगले वर्ष के मार्च में सभी शाखाओं (पंचायत/ग्राम/मोहल्ला) के सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे, अप्रैल और मई महीनों के दौरान अंचल और जिला सम्मेलन होंगे और 10-14 जून, 2025 को पार्टी का राज्य सम्मेलन राजधानी पटना में आयोजित होगा। इस अवसर पर 10 जून को रैली की जायेगी।

# पुलिस की मिलीभगत से अपराध छिपाने के लिए चित्र हटाए गए; समिति ने कार्रवाई की मांग की

नई सोच एक्सप्रेस

» हिंदू जनजागृति समिति के विरोध के बाद दिल्ली आर्ट गैलरी से हिंदू-विरोधी चित्रकार एम.एफ. हुसैन के देवताओं के नग्न चित्र चुपचाप हटाए गए



**पटना।** दिल्ली आर्ट गैलरी में 'हुसेनः द टाइमलेस मॉडर्निस्ट' नामक चित्र प्रदर्शनी में हिंदू-विरोधी चित्रकार एम.एफ. हुसैन द्वारा रेखांकित किए गए हिंदू देवी-देवताओं के नग्न और आपत्तिजनक चित्र प्रदर्शित किए गए थे। हिंदू जनजागृति समिति ने इन आपत्तिजनक चित्रों को तुरंत हटाने और दिल्ली आर्ट गैलरी के संचालकों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की थी। इस संदर्भ में समिति की ओर से अधिवक्ता अमिता सचदेवा ने 9 दिसंबर को संसद मार्ग पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद आयोजकों ने उक्त आपत्तिजनक चित्रों को रातों-रात हटा दिया । हमारी शिकायत के बाद देवताओं के चित्र हटा दिए गए, यह एक सफलता है। लेकिन जब तक आयोजकों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे, ऐसा हिंदू जनजागृति समिति के प्रवक्ता श्री नरेंद्र सुर्वे ने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि यह सफलता धर्मयोद्धा अधिवक्ताओं, हिंदू जनजागृति समिति और हिंदुत्वनिष्ठ संगठनों के संगठित प्रयास का परिणाम है।

हालांकि आयोजकों ने पुलिस के सामने यह दावा किया कि ऐसे चित्र वहां नहीं थे, लेकिन उन चित्रों की तस्वीरें और अन्य सबूत हमारे पास हैं। आयोजकों ने जानबूझकर अपना अपराध छिपाने के लिए रातों-रात चित्र हटाकर सबूत नष्ट करने का प्रयास किया। इस संदर्भ में दूसरी शिकायत भी हिंदू जनजागृति समिति ने संसद मार्ग पुलिस थाने में की है और प्रदर्शन स्थल के सीसीटीवी फुटेज जब्त करने की मांग की है। इस चित्र प्रदर्शनी में एक चित्र में भगवान श्री गणेश की गोद में एक नग्न महिला (संभवतः रिद्धि/सिद्धि) को बैठा दिखाया गया है। दूसरे चित्र में भगवान हनुमान एक नग्न महिला (संभवतः सीता माता) को एक हाथ में पकड़कर उड़ते हुए दिख रहे हैं। वहीं, एक अन्य चित्र में बिना सिर वाले भगवान शिव की गोद में एक नग्न महिला को बेहद आपत्तिजनक तरीके से दर्शाया गया है। ये चित्र हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर आहत करने वाले हैं। समिति ने भारतीय दंड संहिता की धारा 295 (ए) और भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 के तहत आयोजकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। श्री सुर्वे ने कहा कि अगर यह अन्य धर्मों के धार्मिक स्थलों के साथ हुआ होता, तो दिल्ली में 'सर तन से जुदा' के नारे लगते और दंगे होते। इससे पहले भी हिंदू-विरोधी चित्रकार एम.एफ. हुसैन ने भारत माता और हिंदू देवताओं के नग्न और अश्लील चित्र बनाकर करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत किया था। उनके खिलाफ देशभर में 1250 से अधिक पुलिस शिकायतें दर्ज की गई थीं। इसके बाद हुसैन देश छोड़कर भाग गए और 2011 में उनका निधन हो गया। दिल्ली आर्ट गैलरी के इस संघर्ष में सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता मकरंद अडकर, अधिवक्ता शांतनु, अधिवक्ता केसरी, अधिवक्ता विक्रम, अधिवक्ता यादवेंद्र, सनातन स्वाभिमान सभा के अध्यक्ष ब्रिजेश शर्मा और समिति के प्रवक्ता श्री नरेंद्र सुर्वे शामिल थे।

## नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2025 में एनडीए की जीत सुनिश्चितः प्रो. रणबीर नंदन



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधान पार्षद प्रो. रणबीर नंदन ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद उन्होंने बिहार की राजनीति को लेकर बड़ा दावा किया। नंदन ने कहा कि 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए बहुमत से जीत दर्ज करेगा और विकास का नया अध्याय लिखेगा। प्रो. नंदन ने कहा कि "नीतीश कुमार विकास के पर्याय हैं। उनके नेतृत्व में बिहार ने जिस विकास रथ को गति दी है, वह रुकने वाला नहीं है। बिहार की जनता उनके कामों से प्रभावित है और एक बार फिर 2025 में उन्हें अपार मतों से विजयी बनाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि हाल ही में हुए बिहार विधानसभा उपचुनाव में एनडीए ने बड़ी सफलता हासिल की है, जो जनता के नीतीश कुमार के प्रति विश्वास को दशार्ता है। प्रो. नंदन ने कहा कि जनता ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की गति को देखा है और वह इसे बाधित नहीं होने देना चाहती।

# मनोज केशान बने कांग्रेस किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज केशान को कांग्रेस नेतृत्व ने देश के प्रमुख विभाग किसानो के लिए जन जन की बनने के लिए बिहार में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी है। बिहार जैसे प्रमुख कृषिक राज्य में वर्षों से चली आ रही परेशानियों और उनकी समस्या को लेकर एक किसान जागरण मंच के साथ किसानो के प्रति प्रदेश सरकार की उदासीन नीतियों के खिलाफ व भूमाफियाओ द्वारा किसानो की जमीनों पर कब्जे एमएसपी की मांग बिचौलियों के संगठित गैंग को तोडना बडी कम्पनियों का जमीन अधिग्रहण सहित एशिया की दुसरी सबसे बडी दलहन टाल मोकामा बढहिया के सर्वांगिण विकास के लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। ट्रैक्टर रैलियों की शुरूआत 16 दिसंबर से किया जाएगा जिसे पुरे राज्य में किया जाना प्रस्तावित है। मनोज केशान की नियुक्ति की प्रक्रिया चेयरमैन सुखपाल सिंह, संगठन प्रभारी अखिलेश शुक्ला क्षेत्रीय प्रभारी ,आरसी पाण्डेय सहित प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु कुमार के अनुमोदन व कांग्रेस अध्यक्ष मलिक्कार्जुन खडगे, के सी वेणु गोपाल ,सहित नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व अन्य सभी वरिष्ठ नेताओं ने सहमति प्रदान की है। देश सहित राज्य के वरिष्ठ नेताओं पार्टी अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, प्रेम चंद मिश्रा व जिले के लाखों कार्यकतार्ओं युवा प्रदेश महासचिव जयंत एजाज भाई में हर्ष का माहौल है।

# नीतीश निशाने पर, आरजेडी ने उठाए भ्रष्टाचार और प्रशासनिक नियंत्रण के सवाल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार में सियासी घमासान तेज हो गया है। आरजेडी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने प्रेस वार्ता में राज्य में बढ़ते भ्रष्टाचार, प्रशासनिक विफलता और विकास योजनाओं में देरी जैसे कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। आइए, जानते हैं प्रेस वार्ता के मुख्य बिंदु। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) ने आज पटना में आयोजित एक प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी सरकार पर कड़े आरोप लगाए। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा कि बिहार में भ्रष्टाचार चरम पर है और प्रशासन पर से सरकार का नियंत्रण खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार "अचेत अवस्था" में हैं और उनकी सरकार प्रदेश के लोगों की समस्याओं से आंखें मूंदे हुए है।

**शक्ति सिंह यादव का बयानः**प्रेस वार्ता के दौरान शक्ति सिंह यादव ने कहा, "बिहार में भ्रष्टाचार के गंगोत्री का निर्माण हो चुका है। विकास योजनाओं में लगातार देरी हो रही है और सरकारी राशि का दुरुपयोग हो रहा है।" उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार के आसपास गलत लोग हैं, जो उन्हें गुमराह कर रहे हैं। यादव ने वन नेशन, वन इलेक्शन के प्रस्ताव को लेकर भी केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने इसे जनता के हितों के खिलाफ बताते हुए कहा कि यह सिर्फ राजनीतिक माइलेज लेने का प्रयास है।

**जगदानंद सिंह के नाराजगी के सवाल पर जवाबः**जब जगदानंद सिंह की नाराजगी पर सवाल पूछा गया, तो यादव ने इसे "आंतरिक मामला" बताते हुए कहा कि पार्टी अपने सभी फैसले एकजुट होकर लेती है।

भ्रष्टाचार और विकास योजनाओं में देरी, प्रशासनिक नियंत्रण की विफलता महंगाई ,और बेरोजगारी पर सरकार की चुप्पी।, वन नेशन, वन इलेक्शन को जनविरोधी करार

**आरजेडी का संदेशः** प्रेस वार्ता के अंत में यादव ने कहा कि आरजेडी बिहार की जनता के हित में मजबूती से खड़ी है और उनकी आवाज को बुलंद करती रहेगी। इस बयान के बाद बिहार की राजनीति में नए सिरे से आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज होने की संभावना है।

## भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ द्वारा मेरठ सहित अन्य प्रदेशों में ठगी का कार्य जारी




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ द्वारा अपने आप को सरकारी संगठन घोषित कर रेलवे माल गोदाम में नियुक्ति पत्र दिलवाने के नाम पर भारी मात्रा में धन उगाही कर ठगी कर रहा है । सूत्रों के अनुसार सुनील कुमार पासवान, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अरूण कुमार पासवान, राष्ट्रीय महासचिव और मनोरंजन पासवान अपने को तथाकथित रेल मंत्री के समीपवर्ती बताते हुए बड़ी मात्रा में राशि उगाही कर फर्म भरवाने और परिचय पत्र देने काम कर रहे हैं। इसके अलावा अपने संघ को सरकारी घोषित करते हुए नौकरी के नाम पर राशि उगाही कर रहे हैं। जगह जगह कार्यालय खोलकर इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही जगह जगह कार्यकर्ता सम्मेलन और सभा आयोजित कर, उसमें जनप्रतिनिधियों को शामिल कर अपने आपको प्रतिष्ठापित भी किया जा रहा है। सनद रहे कि अगर यह संघ श्रमिक संघ अधिनियम से पंजीकृत भी है, जैसा कि परिचय पत्र पर अंकित है, जो 3768/98 है , तो भी इस संघ का कार्य केवल मालगोदाम श्रमिकों के हक का मांग करना और उस मांग को दिलवाने तक ही सीमित है। ना तो सरकारी नौकरी दिलवाना और ना ही ठेका मजदूरों को नियमित सेवा कराना ही है।

# लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आदर्शों पर चलकर बिहार में करेंगे जनता पार्टी को मजबूतः नवनीत चतुर्वेदी

नई सोच एक्सप्रेस



» धीरज कुमार प्रदेश अध्यक्ष तो शिवनारायण सिंह बनाए गए कोषाध्यक्ष सह प्रधान महासचिव

**पटना।** संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा गठित जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी गुरुवार को अपने दौरे पर पटना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आदर्शों पर चलकर पार्टी संगठन को मजबूत करेगी और आम जनता तक जेपी के संदेश को फैलाएगी। उन्होंने कहा की उनके पार्टी के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश बंधु जी का कार्यकाल नवंबर 2021 में समाप्त हो गया और पार्टी कार्यकारिणी ने उनको अध्यक्ष चुना था उसी समय से हुए वे देश भर में पार्टी संगठन को मजबूत कर रहे हैं। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि वे लोग पहले बिहार में संगठन को मजबूत करेंगे बाद बसंत पंचमी के उपरांत प्रदेश में चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में पार्टी अकेले लड़ने की स्थिति में नहीं है इसलिए वे बिहार में समान विचारधारा वाले दलों के साथ मोर्चा बनाकर चुनाव में उतरेंगे और बिहार में संगठन को नया रूप देंगे। इस दौरान उन्होंने बिहार में संगठन को चलाने के लिए समाजवादी नेता धीरज कुमार को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही उन्होंने उदय सिंह राणा एवं शंभू कुमार को प्रदेश उपाध्यक्ष, शिवनारायण सिंह को प्रधान महासचिव कोषाध्यक्ष, रवि कुमार उर्फ अंटू पटेल को महासचिव सह संगठन सचिव तथा पवन कुमार को प्रवक्ता नियुक्त किया है। इसके अलावा शालिनी कुमारी बिहार प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनाई गई हैं। इस मौके पर पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष धीरज कुमार ने कहा कि उनका प्रयास होगा की पार्टी के हर जिला, प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर की कमेटी बनाकर पार्टी को सभी बूथ स्तर तक पहुंचाएंगे। इसके लिए वे अपने प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों के साथ हर विधानसभा में जाएंगे। इस मौके पर पार्टी के नेता शैलेश सिंह शांति देवी सहित बड़ी संख्या में नेता वह कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बीपीएससी 70 वीं परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक का अफवाह, अध्यक्ष ने किया खंडन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार लोक संवा आयोग की 70वीं संयुक्त परीक्षा शुक्रवार को राजधानी पटना के बापू परीक्षा केन्द्र सहित अन्य केन्द्रों पर हुई। परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र लीक होने की अफवाह उड़ी। मगर बीपीएससी के चेयरमैन परमार रवि मनुभाई ने इसका खंडन किया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की बात बिल्कुल गलत है। किसी सेंटर से कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। एग्जाम को लेकर उठ रहे एक-एक सवाल की आयोग जांच करेगा।उन्होंने कहा कि 'किसी ने हमें पेपर लीक होने की शिकायत नहीं की है। आयोग के लोग सेंटर पर गए थे। वहां बात करने में समझ आया कि कुछ कैंडिडेट्स ने अफवाह फैलाई की पेपर वायरल हो गया है। कैंडिडेट्स सेंटर के अंदर हंगामा करने लगे। पेपर छीनकर बाहर निकल गए। बाकी लोगों को भी भड़काया गया। बिना मोबाइल और बिना इंटरनेट के पेपर कैसे वायरल हो सकता है। इससे पूर्व बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ। पटना स्थित बापू परीक्षा परिसर में पेपर लीक का आरोप लगा प्रदर्शन कर रहे थे। इसबीच एक छात्र ने आरोप लगाया कि पटना डीएम डॉ चंद्रशेखर सिंह ने थप्पड़ जड़ दिया। इसके बाद परीक्षार्थियों का समुह हंगामा करने लगा।हंगामा होते ही परीक्षा सेंटर में सुरक्षा बढ़ा दी गई। दो थानों की पुलिस को आयोग के दफ्तर के बाहर भी तैनात कर दिया गया है। इधर आयोग ने आनन-फानन में बैठक बुलाई थी। बताते चलें कि बीपीएससी की 70वीं संयुक्त परीक्षा में 4 लाख 83 हजार कैंडिडेट्स शामिल हुए। 13 दिसंबर को परीक्षा एक ही शिफ्ट में 12 से 2 बजे के बीच हुई। बापू परीक्षा परिसर में करीब 12 हजार कैंडिडेट एग्जाम देने पहुंचे थे। यहीं सबसे ज्यादा हंगामा भी हुआ। परीक्षार्थियों का कहना है, '12 बजे से एग्जाम शुरू था, लेकिन उन्हें प्रश्न पेपर समय पर नहीं मिला। करीब आधे घंटे देरी से प्रश्न-पत्र मिला। जबकि कुछ फ्लोर पर क्वेश्चन पेपर बंट चुके थे। अंदर सब सेटिंग से हो रहा था।

# संस्कृतिकर्मी अनीश अंकुर की किताब ' रंगमंच के सामाजिक सरोकार' का लोकार्पण

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** संस्कृतिकर्मी अनीश अंकुर की पुस्तक ' रंगमंच के सामाजिक सरोकार' का लोकार्पण शुक्रवार को पटना पुस्तक मेला में किया गया। लोकार्पण करने वालों में प्रमुख हिंदी के प्रख्यात कवि आलोक धन्वा, साहित्य अकादमी से सम्मानित अरुण कमल , चर्चित रंग आलोचक हृषीकेश सुलभ, कथाकार संतोष दीक्षित, मैथिली के प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक कुणाल, भारतीय जन नाट्य संघ के राष्ट्रीय महासचिव तनवीर अख्तर, वरिष्ठ अभिनेता सुमन कुमार और जनगायक अनिल अंशुमन, सुशील कुमार इस मौके पर उपस्थित हुए। प्रकाशन संस्थान के निदेशक हरिश्चंद्र शर्मा ने कहा अच्छे साहित्य के संरक्षण का प्रयास होना चाहिए। अनीश अंकुर ने कहा कि बिहार रंगच पर बहुत कम किताबें हैं। यह किताब इस कमी को पूरा करने का एक छोटा सा प्रयास है। रंगमंच और समाज के रिश्तों को समझने की कोशिश है यह किताब। बिहार और देश के नए रंगकर्मियों को रंगमंच के सामाजिक सरोकारों से परिचित करा सके, यही इसकी सार्थकता होगी। प्रख्यात कवि आलोकधन्वा ने कहा कि यह पुस्तक रंगमंच पर बहुत ही महत्वपूर्ण पुस्तक है। अनीश ने बहुत ही मेहनत से तैयार किया है। सभी पाठकों को यह पुस्तक पढ़नी चाहिए। साहित्य अकादमी से सम्मानित सुप्रसिद्ध कवि अरुण कमल ने किताब के बारे में अपने विचार प्रकट करते हुए कहा "नुक्कड़ नाटक,अभिनय के बाद करीब 400 पृष्ठों की रंगमंच पर लिखी अनीश अंकुर की यह मुकम्मल किताब है। संस्कृतिकर्मी और जनगायक अनिल अंशुमन ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि पटना का रंगमंच सामाजिक सरोकार का रहा हैं. इसलिए यह पुस्तक सभी के लिए जरूरी है. पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन सुशील कुमार ने किया. मौके पर प्रो एन के चौधरी, डॉक्टर विनय कुमार, सुप्रसिद्ध लेखक अरुण सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# मणिपुर समस्या का समाधान हुआ क्या?

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मणिपुर के लोगों बहुत ही सीधे सादे थे और ये सभी लोग वैष्णव सनातनी थे। जंगल और पहाड़ों में रहने के कारण देश के अन्य भागों से अलग थलग थे, जबकि इन लोगों के पास बहुमूल्य सम्पदा थी। जब अंग्रेज भारत आए थे तो उन्होंने पूर्वोत्तर की ओर भी कदम बढ़ाए थे, जहाँ उनको चाय की खेती के साथ साथ तेल भी मिला था। स्वार्थी अंग्रेजों ने सबसे पहले यहाँ के लोगों को देश के अन्य भूभाग से पूरी तरह करने के उद्देश्य से इनर परमिट और आउटर परमिट की व्यवस्था की। इस परमिट के अंतर्गत कोई भी भारतीय व्यक्ति इस इलाके में आने से पहले परमिट बनवाएगा और एक समय सीमा तक ही रह सकता था। लेकिन यह परमिट व्यवस्था सिर्फ भारतीय नागरिक पर लागू था अंग्रेजों पर नहीं । परिणाम यह हुआ कि अंग्रेजों ने मणिपुर में अपने भवन बनवाए और अंग्रेज अफसरों को रखा। वे लोग मणिपुर में चाय की खेती और उसको बेचने का काम करने लगे थे। अंग्रेजों ने जब देखा कि मणिपुर में ईसाई नहीं हैं तो उन्होंने ईसाई मिशनरी को ला ला कर यहां बसाने लगा। मिशनरीयों ने मणिपुर के हर इलाकों में सीधे सादे वैष्णवी सनातनी को आसानी से धर्म परिवर्तित करने का काम शुरू किया और जब अधिकाधिक लोग ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए, तब अंग्रेजों ने मणिपुर को ईसाई राज्य बनाने की दिशा में काम शुरू किया। अंग्रेजों की सोच थी कि यदि मणिपुर राज्य ईसाई राज्य बन जायेगा तो इस राज्य से चीन, भारत और पूर्वी एशिया पर नजर रखा जायेगा। इसके लिए अंग्रेजों ने एक और चाल चली कि जिन वैष्णवी सनातनी धर्म परिवर्तित करके ईसाई बन गए हैं उनलोगों को अनुसूचित जाति (ST) की मान्यता देकर उन्हें सरकारी सुविधाएं देने लगी। जिसे वर्तमान समय में (धर्म परिवर्तित करने वालों को) कुकी जनजाति और वैष्णव लोगों को मैती समाज कहा जाता है। धर्म परिवर्तन का विरोध करने वाले मूल लोग हमेशा अंग्रेजों से लड़ते रहे, जिसके कारण अंग्रेज मणिपुर को भारत से विभाजन करने में नाकाम रहे थे। जबकि बहुत सरे नागा लोग भी धर्म परिवर्तित करके ईसाई बन गये थे। धीरे धीरे ईसाई पंथ को मानने वालों की संख्या वैष्णव सनातनी लोगों से अधिक या लगभग बराबर हो गयी। इसमें मैती हिंदुओं की संख्या कम करने और परिवर्तित लोगों को संख्या अधिक करने में कामयाब थे। मणिपुर के 90 प्रतिशत भू-भाग पर कुकी और नागा का कब्जा हो गया, जबकि 10 प्रतिशत पर मैती रह गए। अंग्रेजों ने इस इलाके में अफीम की खेती को भी बढ़ावा दिया और उस पर ईसाई कुकी लोगों को कब्जा करने दिया। आजादी के समय मणिपुर के राजा बोध चंद्र सिंह ने मणिपुर को भारत में विलय करने का निर्णय लिया था। वर्ष 1949 में उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू से मूल वैष्णव सनातनी जो कि 10 प्रतिशत भू-भाग में रह रहे है उनको अनुसूचित जाति (ST) का दर्जा दिया जाए। लेकिन पंडित नेहरू ने नहीं दिया। जब 1950 में संविधान अस्तित्व में आया तो भी पंडित नेहरू ने मैती समाज को कोई छूट नहीं दिया। 1960 में कांग्रेस सरकार द्वारा लैंड रिफार्म एक्ट लाया गया, जिसमे 90 प्रतिशत भू-भाग वाले कुकी और नागा ईसाईयों को अनुसूचित जाति (ST) बना दिया। इस एक्ट में ये प्रावधान भी था जिसमे 90 प्रतिशत कुकी और नागा वाले देश में कहीं भी जा सकते हैं, कहीं भी रह सकते हैं और कहीं भी जमीन खरीद सकते थे, लेकिन 10 प्रतिशत के इलाके में रहने वाले मैती हिंदुओं को ये सब अधिकार नहीं दिया गया गया था। यहीं से मैती लोगों का दिल्ली से विरोध शुरू हो गया। पंडित नेहरू ने एक बार भी पूर्वोत्तर के हालत को ठीक करने की पहल नहीं किया। इधर पड़ोसी देशों ने कुकी और नागा को हथियार देने लगा, जिसका उपयोग भारत के विरुद्ध और मैती वैष्णवों सनातनी को भागने के लिए करते थे। मैतियों ने कुकी और नागा ईसाईयों से बिना दिल्ली के सहयोग के जम कर मुकाबला करता रहा। इस इलाके में कांग्रेस और कम्युनिस्ट की सरकार रही और वो कुकी तथा नागा ईसाईयों के समर्थन में रहे। चूँकि लड़ाई पूर्वोत्तर में अपने अस्तित्व की थी, इसलिए अलग अलग फ्रंट बनाकर सबने हथियार उठा लिया। पूरा पूर्वोत्तर एक लड़ाई का मैदान बन गया। जिसके कारण मिजो जनजातियों में सशत्र विद्रोह शुरू हुआ। बिना दिल्ली के समर्थन के कुकी, नागा और म्यांमार से भारत में अनधिकृत रूप से चीन से आये लोगों से लड़ाई करते रहे। जानकारी के अनुसार, कांग्रेस और कम्युनिस्ट ने मिशनरी के साथ मिलकर म्यांमार से आये इन चीन के लोगों को मणिपुर के पहाड़ी इलाकों और जंगलों की नागरिकता देकर बसा दिया। ये लोग कुकी तथा नागा ईसाईयों के समर्थक थे तथा वैष्णव सनातनी से लड़ते थे। एनडीए सरकार ने एक्ट ईस्ट पालिसी के अंतर्गत पूर्वोत्तर पर ध्यान देना शुरू किया, NSCN - तथा भारत सरकार के बीच हुए "नागा एकॉर्ड" के बाद हिंसा में कमी आई। भारत की सेना पर आक्रमण बंद हुए। भारत सरकार ने अभूतपूर्व विकास किया जिससे वहां के लोगों को दिल्ली के करीब आने का मौका मिला। धीरे धीरे पूर्वोत्तर से हथियार आंदोलन समाप्त हुए। भारत के प्रति यहाँ के लोगों का दुराव कम हुआ। रणनीति के अंतर्गत पूर्वोत्तर में भाजपा की सरकार आई। वहां से कांग्रेस और कम्युनिस्ट का लगभग सफाया हुआ। सफाया होने के कारण इन पार्टियों का धन का स्रोत (अफीम तथा हथियारों की तस्करी) बंद हो गया। ऐसी स्थिति में इन लोगों के लिए किसी भी तरह पूर्वोत्तर में हिंसा और अशांति फैलाना जरूरी हो गया था। जिसका ये लोग बहुत समय से इंतजार कर रहे थे। मणिपुर उच्च न्यायालय ने मैती जनजाति को ST का स्टेटस देने का निर्णय लिया। यह निर्णय कुकी और नागा ईसाईयों को मंजूर नहीं था, क्योंकि इस निर्णय से मैती लोग भी जो 10 प्रतिशत थे वे भी के अब भू-भाग की जगह पर, पूरे मणिपुर में कहीं भी रह सकते हैं, कहीं भी आ जा सकता है और कहीं भी जमीन खरीद सकते हैं। वहीं मणिपुर के मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पहचान करके म्यांमार से आए अवैद्य चीनी लोगों को बाहर निकालेगी और अफीम की खेती को समाप्त करेगी। अब यह समझने की बात है कि ऐसी स्थिति में मणिपुर की घटनाएं एक प्रायोजित घटनाक्रम प्रतीत होता है। देश के विपक्षी दलों द्वारा हो हल्ला करना ही वर्तमान समय में सावित करता है कि पूर्वतर में मिशनरी, अवैध घुसपैठियों और तस्करों के बीच में मणिपुर तथा केन्द्र सरकार ने देश हित में सकारात्मक काम किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### फिजियोथेरेपी द्वारा स्त्रियों और वृद्धों की कई बिमारियों का इलाज संभव : डॉ. अर्चना अग्रवाल



**पटना।** ओस्टियोपोरोसिस और ऑस्टियोपीनिया यानी हड्डियों का कमजोर होना एक आम बीमारी हो गई है जिससे शरीर की हड्डियों और मांसपेशियों में दर्द बना रहता है। यह स्त्री में प्रायः मासिक धर्म बंद होने के बाद देखा जाता है। वृद्ध पुरुषों में भी हड्डियों का कमजोर होना आम है। उक्त बातें कंकड़बाग स्थित हाई टेक फिजियो क्लिनिक की चिकित्सक डॉ. अर्चना अग्रवाल ने कही। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के दुष्प्रभाव से बचने के लिए हमें तीस की उम्र से ही फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा बताए गए व्यायाम को अपनी जीवनशैली में लाना चाहिए। उम्र बढ़ने पर कई लोगों में बैलेंस की समस्या होने लगती है और गिरने से हड्डियों का टूटना संभव है। ऐसे में हमें बैलेंस के व्यायाम और हड्डियों को मजबूत करने वाले एक्सरसाइजेज पर ध्यान देना चाहिए।

### सरस मेले में दिख रही ग्रामीण परंपराओं की झलक

**पटना।** देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपरा और हस्तशिल्प को अपने अन्दर समेटे बिहार सरस मेला में दर्शकों को ग्रामीण परंपरा ढलक देखने को मिल रही है। बिहार सरस मेला में 25 राज्यों की 3 सौ से अधिक स्वयं सहायता समूह से जुडी महिला उद्यमी सदियों पुरानी लोक कला एवं हस्तशिल्प को पुनर्जीवित कर रही हैं।वर्तमान पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं परंपरा से सरस मेला मेरुब्रू हो रही है। इसके साथ ही आगंतुक देशी व्यंजनों का लुत्फ भी उठा रही है। दीदी की रसोई समेत व्यंजनों के स्टॉल पर विभिन्न प्रदेशों की मिठाइयाँ लोगो को लुभा रही है। खगड़िया की जीविका दीदी द्वारा बनाई गई मक्के की रोटी ,चने की साग और शामक चावल का खीर का स्वाद आगंतुक ले रहे हैं। बिहार सरस मेला बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति , जीविका द्वारा 26 दिसंबर तक आयोजित है ' सरस मेला ग्रामीण उद्यमिता को समर्पित है ' मेला में ऐसी सैकड़ो ग्रामीण महिलाएं एक कुशल उद्यमी के तौर पर आई हैं जो कल तक किसी और के खेत ,दुकान या मकान में चाकरी करती थी । हाजीपुर से आई सुनीता देवी उन्ही महिलाओं में से एक हैं।चार साल पहले पति राजेश पंडित की असमय मृत्य के बाद सुनीता स्थानीय नर्सरी में दिहाड़ी मजदुर थी, उनकीआर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। लिहाजा सागर जीविका महिला ग्राम संगठन ने सतत जीविकोपार्जन योजना से लाभ देने के लिए इनके नाम का अनुमोदन किया।अनुभव के आधार पर इन्होने नर्सरी की शुरूवात की। इनके नर्सरी से फूल , शो प्लांट, औषधि प्लांट, महोगनी, सागवान आदि की खूब बिक्री होती है। प्रति माह 8 से 10 हजार का मुनाफा हो रहा है। कल तक दस रुपये के लिए मोहताज सुनीता देवी की पहचान अब लखपतिया दीदी के रूप में हैं। सुनीता देवी सरस मेला में पहली बार आई हैं। यहाँ आकर वो काफी उत्साहित ह। सुनीता देवी की तरह ही यहाँ आई ग्रामीण महिलाएं महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन की तस्वीर 5 सौ से अधिक स्टॉल पर प्रदर्शित कर रही ह।ग्रामीण उद्यमिता के प्रदर्शनी के साथ ही सेमीनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भी आगंतुक नई तकनीक और लोक संस्कृति तथा लोक कला से रूबरू हो रहे हैं।

### बैद्यनाथ प्रसाद मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में वाईसीसी के तेजस्वी चौहान का शतक

**पटना।** बैद्यनाथ प्रसाद फाउंडेशन के तत्वावधान में खेले जा रहे बैद्यनाथ प्रसाद मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूनामेंट में शुक्रवार यानी 13 दिसंबर को खेले गए मैचों में वाईसीसी और श्रीराम खेल मैदान ने जीत हासिल की। वाईसीसी ने वीकेएस स्पोर्ट्स एकेडमी को 153 रन जबकि श्रीराम खेल मैदान ने नारायण क्रिकेट एकेडमी को 3 विकेट से हराया। स्थानीय क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार ग्राउंड पर खेले गए पहले मैच में वीकेएस स्पोर्ट्स एकेडमी ने टॉस जीता और वाईसीसी को बैटिंग का न्योता दिया। वाईसीसी ने तेजस्वी चौहान (110 रन) के शतक और नीतीन कुमार (61 रन) के अर्धशतक की मदद से 24 ओवर में 6 विकेट पर 226 रन बनाये।जवाब में केशव रघुवंशी (4 विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के आगे वीकेएस स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम 12.4 ओवर में 73 रन पर ऑल आउट हो गई। तेजस्वाी चौहान को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार वाईसीसी स्पोर्ट्स एकेडमी के हेड कोच संतोष कुमार ने प्रदान किया। दूसरे मैच में श्रीराम खेल मैदान ने टॉस जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। नारायण क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 18 ओवर में सभी विकेट खोकर 140 रन बनाये। जवाब में श्रीराम खेल मैदान की टीम 16.5 ओवर में 7 विकेट पर 141 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। विजेता टीम के आयुष कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### बीडी कॉलेज के प्राचार्य को मिली धमकी



**पटना।** बी डी कॉलेज के प्राचार्य ने कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र प्रिंस कुमार और आदर्श कुमार पर धमकी देने और कॉलेज के कार्यों में बाधा करने के आप को लेकर गर्दनीबाग थाने में मामला दर्ज कराया है। दरअसल इससे पहले भी 2021 में कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य ने दोनों छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। धमकी देने के आरोप में अबतक कार्रवाई नहीं की गई। अब कॉलेज के प्राचार्य विवेकानंद सिंह ने भी दोनों छात्रों के खिलाफ धमकी देने का आरोप लगाया है और गर्दनीबाग थाने में मामला दर्ज कराया है। बी कॉलेज के प्राचार्य विवेकानंद सिंह ने बताया कि प्रिंस झा और उसके भाई आदर्श झा के द्वारा कॉलेज के छात्रों को कर्मचारियों को धमकी दी जाती है। काम को करने के लिए दबाव बनाया जाता है यही नहीं छात्रों से जबरन काम करने के नाम पर पैसे भी उगाई की जाती है हालांकि मामला दर्ज होने के बाद भी गर्दनीबाग खाने के द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रिंसिपल ने कॉलेज में आकर धमकी देने का सीसीटीवी फुटेज भी दिखाया है।

# एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई फाउंडेशन मिलकर लाएंगे बदलाव

नई सोच एक्सप्रेस

» चमोली के पारिस्थितिक रूप से नाजुक हिमालयी गांवों में लगातार आजीविका मॉडल का निर्माण





**पटना।** भारत की अग्रणी जनरल बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने एसबीआई फाउंडेशन के माध्यम से जलवायु-लचीला आजीविका मॉडल को लागू करने के लिए हिमालय पर्यावरण अध्ययन और संरक्षण संगठन के साथ सहयोग किया है। इससे उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशीमठ ब्लॉक में स्थित आपदाग्रस्त हिमालयी गाँव के दूरदराज के 4,600 से अधिक लोगों को लाभ होगा। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ श्री नवीन चंद्र झा ने कहा, चमोली जिले में जलवायु चुनौतियां तत्काल और प्रभावशाली हस्तक्षेप की मांग करती हैं जो पारिस्थितिक बहाली और आर्थिक सशक्तिकरण दोनों को हल करती हैं। एसबीआई फाउंडेशन के साथ हमारी साझेदारी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित समुदायों के लिए स्थायी आजीविका के निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह परियोजना इस बात का उदाहरण देती है कि कैसे इनोवेटिव सोल्यूशंस लचीलापन ला सकते हैं और कमजोर आबादी के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं। हम सतत विकास और जलवायु अनुकूलन की दिशा में चमोली के लोगों की यात्रा में उनका समर्थन करने में प्रसन्न हैं। एसबीआई फाउंडेशन के एमडी एवं सीईओ श्री संजय प्रकाश ने कहा, हिमालय पर्यावरण अध्ययन और संरक्षण संगठन द्वारा कार्यान्वित टिकाऊ आजीविका मॉडल के निर्माण के लिए एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के साथ हमारी साझेदारी, चमोली जिले में लचीला और आत्मनिर्भर समुदाय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करती है। इस पहल के माध्यम से हम पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक प्रथाओं के साथ जोड़कर जलवायु चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं और स्थायी आजीविका को बढ़ावा दे रहे हैं। एसबीआई फाउंडेशन में हम ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने और बेहतर और अधिक टिकाऊ भविष्य के लिए पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर दृढ़ हैं। यह पहल सीधे तौर पर 570 घरों को सहायता प्रदान करती है और इसमें अप्रत्याशित मौसम और पर्यावरणीय चुनौतियों के खिलाफ समुदाय का लचीलापन बढ़ाने के लिए बायो-गीजर का वितरण शामिल है। वर्तमान में अपने अंतिम वर्ष में, तीन-वर्षीय परियोजना ने सफलतापूर्वक विविध, आत्मनिर्भर आजीविका मॉडल विकसित किए हैं। प्रमुख पहलों में होमस्टे स्थापित करना, 281 बायो-गीजर वितरित करना, जंगली जानवरों को रोकने के लिए फलों के पार्क बनाना और स्थानीय कृषि और बागवानी प्रथाओं के लिए व्यापक सहायता प्रदान करना शामिल है, जिससे सुदूर हिमालयी परिक्षेत्रों के लिए स्थायी और बेहतर आजीविका सुनिश्चित हो सके।

# महात्मा गांधी के व्यक्तित्व पर वैश्विक भाषण प्रतियोगिता



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** गाँधीयन सोसायटी ट्रस्ट दिल्ली एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन, राष्ट्रीय युवा योजना की ओर से महात्मा गांधी जी के व्यक्तित्व पर डिजिटल भाषण प्रतियोगिता को लेकर सर्वोदय उच्च विद्यालय खुसरूपुर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि मोहन से महात्मा तक का सफर दुनिया को प्रभावित कर रहा है । महात्मा गांधी जी के सत्य अहिंसा पर चलकर ही विश्व मे शांति स्थापित किया जा सकता है । साउथ अफ्रीका से रंग भेद के खिलाफ गाँधी जी ने विगुल फूंका और भारत के आजादी में इन्होंने अहम भूमिका निभाई । 1936 से 46 तक सेवा ग्राम वर्धा में रहकर इन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ते रहे । फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर ऋतिक राज वर्मा ने बताया कि महात्मा गांधी के जीवनी के ऊपर पाँच से सात मिनट का बीडीओ बनाकर अपलोड करें । इसमे कोई उम्र की सीमा नही है । प्रथम पांच लाख, दूसरा तीन लाख,तीसरा दो लाख एवं पचास दस हजार का सांत्वना पुरस्कार रखा गया । सभी शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा । उन्होंने बताया कि बिहार से अधिक से अधिक विडिओ अपलोड कराने का लक्ष्य रखा है ।इसको लेकर नेहरू युवा केन्द्र, विश्व युवक केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना,एनसीसी, युवा मंडल,सर्वोदय मंडल,एनजीओ के साथ सम्पर्क स्थापित किय जा रहा है । मौके धनेश प्रसाद , अजित तिवारी,कौशल कुमार,इंदरजीत कुमार शामिल है ।

# नेटिवीटी प्ले, कैरोल गायन तथा क्रिसमस उत्सव का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** द ऑल इंडिया एंग्लो इंडियन एसोसिएशन की पटना शाखा ने 15वीं एनथोनी वाल्टर पेरी मेमोरियल अंतरविद्यालय क्रिसमस कैरोल गायन प्रतियोगिता का आयोजन संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल, दीघा, पटना में किया जिसमें शहर के प्रतिष्ठित संस्थानों से लगभग 400 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। येशु क्रिस्ट के जन्म पर आधारित नेटिवीटी प्ले की प्रस्तुति संत डोमिनिक सेवियोज हाई स्कूल के बच्चों ने बड़े ही मोहक अंदाज में की। सेन्टा क्लॉज के रूप में विद्यार्थी सौरभ कुमार जिंगल बेल्स की धुन पर थिरकता हुआ सभागार में प्रस्तुत हुआ और बच्चों और शिक्षकों के बीच मिठाइयाँ वितरित किया। आर्कबिशप सेबास्टियन कल्लूपुरा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। ग्रेसी ऐन्जल, संदामाला रामरूप, रेवरेण्ड कोसम रामरूप, रेवरेण्ड सिबू पी एलेक्स और फादर मार्टिन आनंद कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। निक ऐन्जल, सिस्टर प्रीती लकड़ा और रेवरेण्ड आनन्द कुमार प्रसाद प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में मौजूद थे। विद्यार्थियों ने कैरोल जॉय टू द वर्ल्ड की धुन पर सिक्वेन्स नृत्य की प्रस्तुति भी की। अपने स्वागतीय संबोधन में अध्यक्ष ग्लेण्डा गॉल्स्टन ने कैरोल गायन की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा बताया कि क्रिसमस त्योहार का कैरोल गायन से गहरा संबंध है। प्राचीन काल में लोग अलाव जलाकर क्रिस्त जयंती के उपलक्ष्य में गीत गाते थे और यह पद्धति धीरे - धीरे कौरोल का रूप बनती गयी। उन्होंने संगठन की उपलब्धियों को गिनाया तथा कहा कि पूरे देश में संगठन की 66 शाखाएं कार्यरत है जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में अवस्थित है जिसकी स्थापना सन् 1876 में हुई थी। मुख्य अतिथि आर्कबिशप सेबास्टियन कल्लूपुरा ने उपस्थित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी तथा संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की। उन्होंने अपने क्रिसमस संदेश में यह कहा कि हमें दुनिया में शांति के लिए प्रयासरत रहकर एक दूसरे की गलतियों को माफ कर साधारण जीवन व्यतीत करने की आवश्यकता है। हमें एक दूसरे से स्नेह तथा आदर के साथ जीने का प्रयास करना चाहिए। संगठन की सचिव सैंड्रा ईलिस ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर मोना डेविड, कारलाईल पीटर, ग्रेग गॉल्स्टन, मारलन ईलिस, मरीना डीसील्वा, डीनीश फलेमिंग, रोनाल्ड स्टार्क, विन्सेन्ट नाशकर, ग्रेसी नाशकर, माल्कम स्टार्क, विनेशा स्टार्क आदि मौजूद रहे।

## सुधा का नया उत्पाद "सुधा डिलाईट" दूध अब पटना में उपलब्ध

नई सोच एक्सप्रेस



» डिलाईट" दूध चाय, खीर, सेवई, दही इत्यादि के लिए सर्वोत्तम

**पटना।** वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०, पटना के प्रबंध निदेशक, रूपेश राज के मार्गदर्शन में केन्द्रीय विद्यालय, कंकड़बाग, पटना के पास स्टॉल लगाकर "सुधा डिलाईट" दूध का प्रचार-प्रसार किया गया। जिसमें संघ प्रभारी (विपणन) की निगरानी में उनकी टीम द्वारा सुधा डिलाईट दूध से तैयार किये गये चाय की चुस्की के साथ पटना वासियों ने सुबह की शुरूआत की। कार्यक्रम के मौके पर संघ के प्रभारी (विपणन) ने सुधा डिलाईट दूध के बारे में उपस्थित लोगों को बताया कि यह सुधा ब्राण्ड द्वारा उपभोक्ताओं की सेवा में नया दूध बाजार में उतारा गया है, जो चाय, खीर, सेवई, दही इत्यादि के लिए सर्वोत्तम है। जैसा कि इस दूध का नाम ही डिलाईट है तो पटना डेयरी प्रोजेक्ट का प्रयास यही रहता है कि हमारे उपभोक्ता हमारे प्रत्येक प्रोडक्ट से आनंदित हों एवं स्वस्थ व खुशहाल रहें। राजधानी के प्रत्येक क्षेत्र कॉलोनी में सुधा आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। आप सभी से अनुरोध है कि सुधा के दूध एवं दुग्ध जन्य पदार्थों को ज्यादा से ज्यादा व्यवहार में लायें।

# स्कूल क्रिकेट लीग के पहला सेलेक्शन ट्रायल 15 दिसंबर को

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** टर्निंग प्वाइंट की ओर से आयोजित होने वाले कासा पिकोला स्कूल क्रिकेट लीग अंडर-15 क्रिकेट टूनार्मेंट के पांचवें संस्करण में भाग लेने वाली टीमों के गठन के लिए पहला सेलेक्शन ट्रायल 15 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा। यह सेलेक्शन ट्रायल राजीवनगर स्थित वीणा विद्या निकेतन स्कूल में चलने वाली राजीव क्रिकेट एकेडमी में होगा। इसकी जानकारी देते हुए टर्निंग प्वायंट के निदेशक सह आयोजन अध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि इस लीग में केवल पटना के स्कूल के छात्र खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं। कासा पिकोला के सीएमडी राजेश शर्मा ने कहा कि इस बार का आयोजन भव्य होगा और हमारी चाहत है कि प्रतिभावान खिलाड़ी इस टूनार्मेंट में अपना जलवा बिखेरे और आगे बढ़ें। सुमित शर्मा ने बताया कि चयन ट्रायल सुबह 8 बजे से आयोजित किया गया है। खिलाड़ी अपने कीट सहित आधार कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र व दो पासपोर्ट साइज दो फोटो के साथ ट्रायल में हिस्सा ले सकते हैं। आयोजन सचिव नवीन कुमार ने बताया कि पहले ट्रायल से तीन टीमों का गठन किया जायेगा। ट्रायल के संबंध में विशेष जानकारी के लिए संयोजक सुमित शर्मा एवंआयोजन सचिव नवीन कुमार से मोबाइल पर संपर्क कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

बीपीएससी शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न

सुगौली।बीपीएससी द्वारा संचालित 70 वीं एकीकृत संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के सुगौली मे दो केंद्रों पर हुआ ।दोनों केंद्रों पर 1116 परीक्षार्थी शामिल होने वाले थे।जिनमें 729 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए व 387 अनुपस्थित रहे।नन्द उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के केंद्राधीक्षक राम किशोर सिंह,उप केंद्राधीक्षक अनवारुल हक,जोनल मजिस्ट्रेट जिला कल्याण पदाधिकारी देवेश दिवाकर,स्टेटिक मजिस्ट्रेट रणजीत कुमार,आशा कुमारी,थाना के एसआई शम्भू साह पुलिस बल के साथ मौजूद थे। वहीं पंडित दीनदयाल बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक शमिमुल हक,केदार प्रसाद,स्टेटिक मजिस्ट्रेट श्रम प्रवर्तन पदाधिकारीआदापुर,एसआई राजेश कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद थे।बताया गया कि दोनों केंद्रों पर सीसीटीवी और जैमर लगाया गया था।छात्रों की बायोमेट्रिक उपस्थिति ली गई। दोनों केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण,कदाचारमुक्त परीक्षा सम्पन्न हुई।

## सिविल सर्जन ने किया औचक निरीक्षण



**सुगौली**। प्रखंड के उत्तरी सुगांव पंचायत के सुगांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर सिविल सर्जन सहित अन्य अधिकारीयो ने जीविका भवन,पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण मंगलवार को किया। उक्त स्थल पर किसी तरह की कोई दिक्कत नही हो।इसको लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। सिविल सर्जन ने प्रभारी को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य संबंधी जितना सुविधा है उसे भी उपलब्ध रखना अनिवार्य है।मुखिया रंजीत झा से तैयारी को ले विस्तृत बातचीत किया व आवश्यक निर्देश भी दिया गया। विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। इसके लिए पूर्व से ही पूरी तैयारी करने में जुट गए है। निरीक्षण के समय बीडीओ नूतन किरण, सुगौली पी एच सी प्रभारी डॉक्टर एम ए असअद किरण, सीओ कुंदन कुमार, मुखिया रंजीत झा, सहित कई मौजूद थे।

## ताजपुर सीमेंट फैक्ट्री में ट्रक और दीवार के बीच दबने से झारखंड के मजदूर की हुई मौत

» दुर्घटना में मौत को बार-बार छुपाने की कोशिश निंदनीय- माले



**समस्तीपुर/ताजपुर**। सरसौना स्थित सीमेंट फैक्ट्री में गत रात्रि बैक किये जा रहे ट्रक एवं दीवार के बीच दबने से झारखंड के एक मजदूर की मौत हो गई।जानकारी मिलने पर भाकपा माले की एक टीम प्रभात रंजन गुप्ता के नेतृत्व में घटना स्थल पर पहुंचने की कोशिश की लेकिन फैक्ट्री प्रबंधक के इशारे पर उन्हें रोक दिया गया। टीम ने स्थानीय लोगों से मिलकर घटना की जानकारी प्राप्त की। भाकपा माले के प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि प्रबंधक घटना की जानकारी प्रशासन को दिये बगैर घटना को छुपाने की कोशिश की। इससे पहले भी दुर्घटना में हुई मौत को छुपाने की कोशिश की गई थी।यह प्रबंधक का गैर जिम्मेदाराना कारवाई है। इसकी उच्च स्तरीय जांच कर प्रबंधक पर पुलिस प्रशासन एफआईआर दर्ज करें एवं मृतक के परिजनों को 10 लाख रूपये मुआवजा दे। माले नेता ने प्राप्त जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि फैक्ट्री में आधे-अधूरे कार्य हुए हैं। इससे वाहनों के आवागमन एवं आगे-पीछे करने में समस्या आती है। फैक्ट्री में कम पैसे अकुशल मजदूर से कार्य कराये जाते हैं। उन्होंने फैक्ट्री के अधूरे कार्यों को पूरा करने तथा मजदूर को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करने की मांग की है।

## शेखपुरा में स्वास्थ्य कार्यों का कायाकल्प टीम ने लिया जायजा,सुधार का दिए कई आवश्यक निर्देश



**शेखपुरा**। जिले में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की जमीनी हकीकत का आकलन करने के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा गठित कायाकल्प टीम ने बातनीघा के रेफरल अस्पताल और सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पतालों में उपलब्ध बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सा उपकरणों, डॉक्टरों की उपलब्धता और अस्पतालों की सफाई व्यवस्था का गहन जायजा लिया।टीम ने अस्पतालों में मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया और पाया कि कुछ स्थानों पर सुधार की आवश्यकता है। इसके बाद टीम ने अस्पताल प्रशासन को इन सुधारों के लिए आवश्यक कदम उठाने की सिफारिश की। साथ ही, अस्पतालों में सुविधाओं का सही तरीके से इस्तेमाल सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया गया और उन्हें अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।राज्य स्वास्थ्य समिति की यह टीम अस्पतालों के प्रबंधन और सेवाओं में सुधार के लिए सुझाव देगी, ताकि जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इसके अतिरिक्त, टीम ने अस्पतालों में चिकित्सकीय स्टाफ की कार्यकुशलता, मरीजों की देखभाल, दवाइयों की उपलब्धता और अन्य बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं की जांच की।यह निरीक्षण राज्य सरकार की स्वास्थ्य सुधार योजना के तहत किया गया था, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी, सुलभ और समर्पित बनाना है। इस तरह के निरीक्षण से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जिले के सभी अस्पताल उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करें और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सुधार को बढ़ावा मिले।

## कायाकल्प से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांझी ने व्यवस्था परिवर्तन में प्रस्तुत किया मॉडल

नई सोच एक्सप्रेस

» राज्य स्तरीय टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया मूल्यांकन



**छपरा**। कायाकल्प योजना, केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। कायाकल्प योजना का उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को स्वच्छ, सुरक्षित और उच्च मानकों के अनुरूप बनाना है। स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता व संक्रमण नियंत्रण संबंधी मानकों को मजबूती प्रदान करना है। जिले के स्वास्थ्य संस्थानों का कायाकल्प योजना के तहत प्रमाणित किया जाना है। इसी कड़ी में राज्यस्तरीय दो सदस्यी टीम ने मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन किया। टीम में राज्य स्वास्थ्य समिति के भावना, यूनिसेफ से राजकमल शर्मा शामिल थे। टीम ने अस्पताल का साफ-सफाई व स्वच्छता संबंधी इंतजाम, मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं, संक्रमण नियंत्रण संबंधी उपाय व चिकित्सकीय उपकरणों के रख-रखाव संबंधी इंतजाम का मुआयना किया। दवा की उपलब्धता और रख-रखाव, टीकाकरण, प्रसव कक्ष, एएनसी रूम, पीएनसी रूम, ओपीडी , जांच घर का गहनता से जांच किया गया तथा चिकित्सकों और कर्मियों से टीम ने पूछताछ की। साथ हीं रजिस्टर और डक्यूमेंट की जांच की गयी। बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने मुख्य रूप से तीन तरह की सुविधाओं पर फोकस किया है। जिसके तहत स्वच्छता(हाईजीन), बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, हॉस्पिटल इंफेक्शन, मरीजों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों का उत्तम व्यवहार , जिस पर अस्पताल प्रशासन को कार्य करना शामिल है। इस दौरान टीम के सदस्यों ने मौजूद चिकित्सकों, नर्स, एएनएम और सफाई कर्मचारियों से भी पूछताछ की। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी रमेशचंद्र कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रोहित कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार, बीएचएम राम मूर्ति, बीसीएम विवेक कुमार, बीएमएंडई, सीफार के डीपीसी गनपत आर्यन समेत अन्य चिकित्सक, नर्स व अन्य कर्मी मौजूद थे।


## शॉट- सर्किट से दुकान में लगी आग, लाखों की संपत्ति राख



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। दाऊदपुर थाना के चमरहियां मुख्य मार्ग के किनारे स्थित एक जेनरल स्टोर में विगत रात बिजली के शॉट- सर्किट से अचानक आग लग गई। जिसमें नकद समेत लाखों रुपये मूल्य के सामान जलकर राख हो गए। घटना की जानकारी मिलते हीं बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इस बीच दाउदपुर थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद पुलिस ने अग्निशमन वाहन को भेजा। जिसकी मदद से आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। हालांकि तब तक दुकान समेत उसमें रखे सारे सामान जलकर खाक हो चुके थे। घटना से मायूस दुकानदार चमरहियां निवासी श्याम सुंदर सिंह ने बताया कि दुकान के बगल में स्थित विद्युत पोल से दुकान में आये तार में शॉट सर्किट के कारण आग लगने से दस हजार रुपये नकद समेत करीब साढ़े चार लाख रुपये के सामान को क्षति पहुंची है। धीरे-धीरे कुछ रुपये इकट्ठे कर तथा कर्ज लेकर किसी तरह दुकान किया था, जिससे परिवार का भरण-पोषण चल रहा था। आगलगी की घटना में कई आवश्यक कागजात भी जल गए।

## पुस्तकालय बच्चों को मोबाईल की आदत से दूर रखने में मददगार : आयुक्त



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। प्रमंडलीय आयुक्त श्रीगोपाल मीणा की अध्यक्षता में श्रीनंदन प्रमंडलीय पुस्तकालय, छपरा के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आहुत की गई।आयुक्त ने कहा कि बच्चों को मोबाईल से दूर रखने का प्रयास करते हुये उनका ध्यान पुस्तक और प्रतियोगिता की ओर लगाने की पहल में पुस्तकालय काफी सार्थक हो सकता है। उन्होंने आस पास के सभी विद्यालयों में बच्चों को पुस्तकालय की उपयोगिता एवं इसके उपयोग को लेकर प्रेरित करने को कहा। बच्चों में पुस्तक एवं पुस्तकालय की आदत उनके भविष्य को संवारने में मददगार होगी। इस पुस्तकालय के भवन के जीर्णोद्धार हेतु भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यहाँ पर्याप्त रोशनी एवं अन्य आधुनिक स्तर की व्यवस्थाओं के अनुरूप इसके जीर्णोद्धार हेतु प्राक्कलन तैयार करने का निदेश कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल को दिया गया। बैठक में आयुक्त के सचिव सहित प्रबंधकारिणी समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## डायबिटीज, हृदय रोग और मोटापा पीड़ितों में इन्फ्लेमेशन का जोखिम ज्यादा : डॉ आरके मिश्रा

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर**। इन्फ्लेमेशन (सूजन) चोट, रोग, जलन या ऑक्सीडेटिव तनाव की स्थितियों में शरीर की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। डायबिटीज, हृदय रोग और मोटापा जैसी बीमारियां शरीर में इन्फ्लेमेशन (सूजन) का स्तर बढ़ा सकती है। यह चेतना में कमी या दिमाग के कम काम करने का महत्वपूर्ण कारक बन सकते है। शहर के सुप्रतिष्ठित सुपर स्पेशियलिटी मल्टी हॉस्पीटल मेडिकाना के निदेशक सह सुप्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ राजीव कुमार मिश्रा ने शनिवार को संवाददाता से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि, इन्फ्लेमेशन के दौरान शरीर की कोशिकाएं आपस में लड़ती है। इस दौरान इन कोशिकाओं से कुछ रसायन निकलते है, जो आसपास की कोशिकाओं में प्रतिक्रिया उत्पन्न करते है। इससे इन्फ्लेमेशन पैदा होती है, जो अक्सर दर्द या सूजन का कारण बनते है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि शरीर की रोग प्रतिरोधक प्रणाली के ज्यादा सक्रिय होने या लंबे समय तक संक्रमण रहने के कारण दिमाग की कोशिकाओं में इन्फ्लेमेशन होता है। इससे तंत्रिका तंत्र कमजोर होती है और चेतना में कमी आती है। उन्होंने कहा कि कहा कि बुजुर्गों में इसका जोखिम अधिक होता है। इसके अलावा डायबिटीज, हृदय रोग और मोटापा जैसी बीमारियों के शिकार लोगों में भी सूजन या चेतना की कमी का जोखिम ज्यादा होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान जीवनशैली के कारक भी इन्फ्लेमेशन में योगदान हो सकता है। इसमें कम शारीरिक गतिविधि का स्तर, तनाव, मोटापा, अस्वस्थ खाने की आदतें जैसे- तैलीय, जंक फूड या खाद्य पदार्थों का सेवन, नीद की गड़बड़ी, वायु प्रदूषण धूम्रपान और शराब का सेवन शरीर पर बुरा प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा, इनफ्लेमेशन तब होता है जब किसी को बुखार या संक्रमण होता है, जो बार- बार आता-जाता रहता है। हालांकि, कुछ स्थितियों में यह लंबे समय तक बना रहने वाला इन्फ्लेमेशन भी हो सकता है। डॉ मिश्रा ने कहा की गठिया से पीड़ित रोगियों में, खासकर जो मोटे होते है उनमें, चेतना में कमी या दिमाग के कम काम करने का जोखिम अधिक होता है। इसे रोकने के लिए रोजाना शारीरिक गतिविधि और व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। धूम्रपान और शराब से बचने और फल तथा सब्जियां खाने से लाभ मिलता है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि पुराना तनाव भी इन्फ्लेमेशन का कारण बन सकता है। उन्होंने इससे बचने के लिए ध्यान और रिलैक्सेशन जैसे उपाय अपनाने की सलाह दी।

## जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर बैठक



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। जनसुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती एवं पूर्व आइ. पी.एस. तथा जनसुराज के नेता आनंद मिश्रा का सारण की धरती पर भव्य स्वागत होगा उक्त बातें सारण जिला जन सुराज के संयोजक प्रिय रंजन युवराज ने प्रभुनाथ नगर में जनसुराज पार्टी के वरिष्ठ नेता अभय शर्मा के आवासीय परिसर में बैठक के उपरांत प्रेस वार्ता में कहीं। युवराज ने कहा कि शहर के प्रेक्षा गृह में 16 दिसम्बर को सुबह 11.30 बजे प्रदेश अध्यक्ष समेत कई वरिष्ठ नेताओं का आगमन होगा। जिसमें ज़िले पंचायत एवं प्रखंड स्तर से लेकर ज़िले के सभी जन सुराजी साथी उपस्थित रहेंगे। जिसमें संगठन की मजबूती हेतु समीक्षा करेंगे तथा जिले के प्रमुख कार्यकर्ताओ एवं संगठन से जुड़े लोगों से बात करेंगे। इस बैठक में जिला अध्यक्ष बच्चा राय,पूर्व संयोजक मुन्ना भवानी,पूर्व जिला अध्यक्ष रामपुकार मेहता, प्रवक्ता कुलदीप महासेठ,निलेश सिंह,गुड्डू बबुआ,सुरेश सिंह, नूतन शर्मा,प्रीति रानी,नवनीत कुमार यादव,सूरज सिंह, ललित तिवारी,उदय शंकर सिंह, प्रो० अकता साहेब,नंद किशोर सिंह,निरज तिवारी,खुर्शीद नैयर समेत जिले के अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

## स्कूल मे भीषण चोरी सामान के साथ चोर को पुलिस ने दबोचा

नई सोच एक्सप्रेस



**समस्तीपुर**। मध्य रात्री में उच्च विद्यालय हसौली कोठी विद्यालय से सरकार द्वारा प्रायोजित स्मार्ट क्लास के कमरा से ग्रिल एवं कमरा का ताला काट कर स्मार्ट क्लास से स्मार्ट टीवी 54 इंच-01, मोर्निटर-12 सीपीयू0-02 लैपटॉप-01, मोबाईल-01, इंटरनेट राउटर-01 प्रींटर-02, होम थिरेटर-01, पेन डाईव-01, हार्ड डिक्स 04 कि चोरी अज्ञात चोरो के द्वारा कर लिया गया था। प्राधानाचार्य उच्च विद्यालय हसौली कोठी के लिखित आवेदन के आधार पर उजियारपुर थाना कांड सं0-322/24 कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। चोरी के उद्भेदन के दिशा निर्देश के आलोक में टीम का गठन किया गया। मानवीय आसुचना एवं तकनिकी अनुसंधान के क्रम में विक्की कुमार उम्र 15 एवं मोनू कुमार उम्र 25 वर्ष दोनो पिता हरेराम झा सा० पतैली थाना उजियारपुर जिला समस्तीपुर के घर से सामान बरामद किया गया है। विधि विरूद्ध किशोर बालक विक्की कुमार के स्वीकारोक्ति बयान के अनुसार इस घटना में संलिप्त शुभम कुमार, गिरधर भंडारी एवं सिन्दु कुमार के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया गया है। शुभम कुमार के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर चोरी की गई सामान की बरामदगी किया है।1. मोनिर्टर-11 02. सी0पी0यू0-02 03. माउस-14 04.किबोर्ड-03 05. स्मार्ट टी०भी0 54"-01 06.बैग-01 07. लैपटॉप-01 08. मोबाईल-01 कांड में चोरी गई मोबाईल 4 09. घटना में प्रयुक्त मोबाईल-04 09. राउटर-01 10. प्रींटर-01बरामद किया गया है।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑडिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

## बिहार को लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की जरूरत



नागरिक समाज संगठन नागरिक सहभागिता और सहभागी शासन को बढ़ावा देकर लोकतंत्र को मज़बूत बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्त्व (CSR) पहल के तहत CSO और कॉर्पोरेट्स के बीच मज़बूत साझेदारी को सुविधाजनक बनाने से स्थायी वित्तपोषण स्रोत उपलब्ध हो सकते हैं।

नई सोच एक्सप्रेस

**[ आईपीएस विकास वैभव का कहना है कि सामाजिक संगठन सार्वजनिक सेवा वितरण में कमी को दूर करने में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहाँ सरकार की पहुँच सीमित है। वे स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, स्वच्छता और आपदा राहत में आवश्यक सेवाएँ प्रदान करते हैं तथा अक्सर सबसे कमज़ोर समुदायों तक पहुँचते हैं। नागरिक समाज संगठन अक्सर सामाजिक समस्याओं के लिये नवीन समाधान विकसित करने, सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने और सतत् विकास को समर्थन देने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसलिए लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की नींव एक सामाजिक अभियान के रूप में 22 मार्च 2021 को रखी गई। ]**

हाल के वर्षों में, भारत में पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने और जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा देने में नागरिक समाज संगठन (CSOs) की भूमिका काफी महत्त्वपूर्ण सिद्ध हुई है। वे जागरूकता बढ़ाते हैं, अनुसंधान करते हैं और सतत् विकास हेतु ज़मीनी स्तर पर पहल करते हैं। उदाहरण के लिये, सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (CSE) ने भारत की जलवायु नीति को आयाम देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके शोध और समर्थन के प्रयासों ने न केवल वाहन उत्सर्जन मानदंडों के कार्यान्वयन में सहायता की है, बल्कि नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी योगदान दिया है। नागरिक समाज संगठन अक्सर सामाजिक समस्याओं के लिये नवीन समाधान विकसित करने, सामाजिक उद्यमिता को बढ़ावा देने और सतत् विकास को समर्थन देने में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। वे नए तरीकों का परीक्षण करते हैं, जिन्हें बाद में सरकार द्वारा बढ़ाया या अपनाया जा सकता है। उदाहरण के लिये, 'अक्षय पात्र फाउंडेशन' ने अपने केंद्रीकृत रसोई के माध्यम से स्कूलों में मध्याह्न भोजन कार्यक्रम में आवश्यक योगदान दिया है। वर्ष 2023 तक, वे 15 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों के 22,367 स्कूलों में प्रतिदिन 2 मिलियन से अधिक बच्चों को सेवाएँ प्रदान करते हैं, जो दर्शाता है कि कैसे नागरिक समाज संगठन (CSOs) बड़े पैमाने पर सार्वजनिक सेवा वितरण को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान, CSO ने समुदायों की सहायता करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उदाहरण के लिये, एक प्रमुख CSO 'गूंज' ने 'राहत' अभियान शुरू किया। जैसे-जैसे भारत तेज़ी से डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा है, नागरिक समाज संगठन (CSO) डिजिटल अधिकारों की रक्षा, साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने और डिजिटल प्रौद्योगिकियों तक समान पहुँच सुनिश्चित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आधार बायोमेट्रिक और चेहरे की पहचान आधारित उपस्थिति प्रणालियों के उपयोग के खिलाफ उनके अभियान ने सुरक्षा आवश्यकताओं तथा गोपनीयता अधिकारों के मध्य संतुलन बनाने पर राष्ट्रीय बहस को प्रेरित किया है। इसके विपरीत पारदर्शिता की कमी से जनता का विश्वास कम होता है। वर्ष 2019 में, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सरकारी आवंटित धन का दुरुपयोग करने और खर्च न की गई राशि वापस न करने के आरोप में NGO इंडियन काउंसिल फॉर चाइल्ड वेलफेयर (ICCW) के विरुद्ध FIR दर्ज की है। वर्ष 2023 के विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत को 180 देशों में 161वाँ स्थान दिया गया है, जो मुक्त अभिव्यक्ति पर व्यापक प्रतिबंधों को दर्शाता है, जो नागरिक समाज संगठनों को भी प्रभावित करते हैं। इस ध्रुवीकृत वातावरण ने कुछ संगठनों को सेल्फ-सेंसर करने या कुछ मुद्दों से बचने के लिये प्रेरित किया है, जिससे महत्त्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में उनकी प्रभावशीलता सीमित हो सकती है। कई नागरिक समाज संगठनों को स्वयंसेवकों को आकर्षित करने, प्रबंधित करने और बनाए रखने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो अक्सर उनके संचालन के लिये महत्त्वपूर्ण होते हैं। बिहार में सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने और नीति सुधार को प्रभावित करने के लिये नागरिक समाज संगठन अपरिहार्य हैं। अपनी क्षमता, पारदर्शिता और सहयोग को बढ़ाने के उपायों को लागू करके, नागरिक समाज संगठन एक अधिक समतापूर्ण और न्यायपूर्ण समाज को आकार देने में अपनी भूमिका को मज़बूत कर सकते हैं। आगे बढ़ने हेतु सरकार और नागरिक समाज को एक साथ मिलकर ऐसा वातावरण प्रदान करना होगा जो इन संगठनों को समर्थन दे और उन्हें अपने मिशन को पूरा करने में सक्षम बनाए। इसलिए सामाजिक अभियान की आवश्यकता बिहार में है और इसी ईमानदार सोच के साथ लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान आगे बढ़ रहा है। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## एथलेटिक्स के गोल्ड मेडल विजेता का समस्तीपुर मे हुआ भव्य स्वागत



नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर**। 19वें जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 Triathlon A प्रतिस्पर्धा मे समस्तीपुर के रोहित राज ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीतकर बिहार के साथ साथ समस्तीपुर का नाम देश दुनिया मे रौशन किया है, शुक्रवार को समस्तीपुर पहुँचने पर ज़िला एथलेटिक्स संघ के सचिव मो रुस्तम अली, अध्यक्ष रज़िउल इस्लाम शाहीन, कोच मो शहीद एवं संयोजक डॉ एन के आनंद के साथ सैकड़ो की संख्या मे गोल्ड मेडल विजेता का स्वागत किया गया, ज़िला एथलेटिक्स संघ के सचिव ने बताया की उड़ीसा के भुवनेश्वर मे आयोजित 19वें जूनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 मे भाग लेते हुए समस्तीपुर के रोहित राज ने हाई जम्प, लॉन्ग जम्प एवं दौड़ प्रतियोगीता मे सबसे अधिक 2437 पॉइंट अर्जित कर पिछला रिकॉर्ड को तोड़ते हुए गोल्ड मेडल जीता है, वहीँ अध्यक्ष रज़िउल इस्लाम रिज्जू ने बताया की ज़िला एथलेटिक्स संघ अपने खिलाड़ियों को अब नेशनल लेबल पर ले जाने का भरपूर प्रयास करेंगे और जो भी सहायता करना पड़े वो करेंगे, उन्होने बताया की रोहित राज ने गोल्ड मेडल जीतकर ज़िला एथलेटिक्स संघ को गौरवन्वित किया है, उन्होने बताया की 18 दिसंबर को पटेल मैदान मे रोहित राज को संघ की और से सम्मान समारोह मे सम्मानित किया जाएगा, मौक़े पर डॉ सफ़दर इमाम, सिराज अहमद खान, पप्पू मस्तान, एखलाकुर रहमान शादाब, समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

## जहानाबाद के 17 केंद्रों पर कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन

**जहानाबाद**। बिहार लोक सेवा आयोग पटना के द्वारा एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन कराया गया। जहानाबाद जिला में एकल पाली में एकीकृत 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा कुल 17 केंद्रों पर कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण व्यवस्था अंतर्गत आयोजित की गई। कुल 10080 अभ्यर्थियों में से 7340 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा 2740 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। किसी भी अभ्यर्थी को निष्कासित नहीं किया गया। 70वीं संयुक्त (प्राथमिक) एकल पाली में जिले में कुल 17 केन्द्रों पर आयोजित किया गया। जिसमें संपोषित बालिका इंटर स्कूल, रामकृष्ण परमहंस विद्यालय साईं मंदिर के निकट, मानस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, शांतिकुंज पब्लिक स्कूल, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, ए.एन.आर. पब्लिक स्कूल, गौतम बुद्ध इंटर स्कूल, गांधी स्मारक इंटर स्कूल, मुरलीधर इंटर स्कूल, रामकृष्ण परमहंस पब्लिक स्कूल, प्रतिभा पल्लवन पब्लिक स्कूल, आदर्श मध्य विद्यालय, मध्य विद्यालय, इंटर स्तरीय विद्यालय, गांधी इंटर विद्यालय, पी पी एम स्कूल एवं बाल विद्या निकेतन विद्यालय में परीक्षा आयोजित किया गया।

## शेखपुरा में शांतिपूर्ण एवं कदाचसमुक्त 70वी बीपीएससी परीक्षा संपन्न



**शेखपुरा**। शेखपुरा में कड़ी सुरक्षा के बीच 70वीं बीपीएससी परीक्षा कदाचारमुक्त तरीके से संपन्न हुई। जिले में कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां परीक्षार्थियों ने शांतिपूर्वक और नियमों के तहत परीक्षा दी। जिला प्रशासन ने परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कदाचार को रोकने के लिए कड़े इंतजाम किए थे।परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसके अलावा, सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और कदाचारमुक्त रहे। जिला प्रशासन के निर्देश पर सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा बलों की लगातार निगरानी की जा रही थी।परीक्षा के दौरान प्रवेश केवल सुबह 9 बजे से 11 बजे तक था, जिससे समय पर सभी परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र में उपस्थित हो गए। इस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासन की सतर्कता की वजह से परीक्षा में नकल या किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की कोई भी घटना नहीं घटी।डीएम और एसपी ने स्वयं परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और सुनिश्चित किया कि सब कुछ योजना के अनुसार हो। प्रशासन के इस प्रयास से परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई और छात्रों ने भी परीक्षा में पूरी ईमानदारी से भाग लिया। इस कड़ी सुरक्षा और व्यवस्था से यह साबित हुआ कि शेखपुरा में अब हर परीक्षा कदाचार मुक्त और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराई जाएगी।

## 4,50,000 से अधिक की मजबूत फैमिली के साथ टीवीएस आईक्यूब ने की मिडनाईट कार्निवाल की शुरूआत




**पटना**। सड़कों पर 4,50,000 से अधिक टीवीएस आईक्यूब, भारत के पसंदीदा फैमिली ईवी, का जश्न मनाते हुए टीवीएस ने देश भर के उपभोक्ताओं को रोमांच से भरपूर अनुभव प्रदान करने के लिए अपने नए इंटीग्रेटेड मार्केटिंग कैंपेन- टीवीएस आईक्यूब मिडनाईट कार्निवाल का अनावरण किया। 10 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन दिसम्बर दोपहर 11:59 बजे तक होगा, इस दौरान उपभोक्ताओं को टीवीएस आईक्यूब की खरीद पर 100 फीसदी कैशबैक जीतने का सुनहरा अवसर मिलेगा। कैंपेन की अवधि के दौरान टीवीएस आईक्यूब खरीदने वाले उपभोक्ताओं में से रोज़ाना एक विजेता को चुना जाएगा, जिनकी खरीद पूरी तरह से मुफ्त होगी। एनर्जी से भरपूर यह कैंपेन टीवीएस आईक्यूब की ऑफिशियल वेबसाईट एवं डीलरशिप्स के माध्यम से उपलब्ध है, जो सभी के लिए सहज सुलभता को सुनिश्चित करगी। कैंपेन के दौरान प्रतिभागी डीलरशिप्स मिडनाईट तक खुले रहेंगे और उपभोक्ताओं को बेजोड़ सुविधा का अनुभव प्रदान करेंगे। टीवीएस आईक्यूब मिडनाईट कार्निवाल उपभोक्ताओं के लिए जश्न जैसा माहौल बनाएगा। यह पहल स्थायित्व एवं इनोवेशन के लिए ब्राण्ड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। उपभोक्ताओं के अनुभव को और भी बेहतर बनाने के लिए, वे सभी उपभोक्ता जो पहले से बुकिंग कर चुके हैं, वे भी मिडनाईट कार्निवाल में हिस्सा ले सकेंगे। बशर्ते कि इन उपभोक्ताओं ने अपनी खरीद कैंपेन की अवधि के दौरान पूरी की हो। इस तरह ग्रीन मोबिलिटी की दिशा में उनकी यात्रा और भी अधिक रोमांचक हो जाएगी। इसके अलावा उपभोक्ताओं को रु 30,000 तक के अश्योर्ड फायदे मिलेंगे, जिसमें टीवीएस आईक्यूब 3.4kWh पर 5 साल/ 70,000 किलोमीटर और टीवीएस आईक्यूब 2.2kWh पर 5 साल/ 50,000 किलोमीटर की मुफ्त एक्सटेंडेड वारंटी शामिल है। उपभोक्ता अपने नज़दीकी टीवीएस आईक्यूब डीलरशिप पर विज़िट कर या ऑफिशियल वेबसाईट के माध्यम से इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीद कर इस कैंपेन में हिस्सा ले सकते हैं। कैंपेन के तहत उपभोक्ता मौजूदा मंथली ऑफर्स का लाभ भी उठा सकेंगे।

## वी बिहार और झारखण्ड में दे रहा 4G का सर्वश्रेष्ठ अनुभवः ओपनसिगनल रिपोर्ट

» व्यापक नेटवर्क विस्तार एवं 4G बेहतर क्षमता के साथ उत्कृष्ट डेटा, वॉइस, वीडियो एवं गेमिंग अनुभव के लिए किया गया सम्मानित

**पटना**। जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) ने आज बताया कि ओपनसिगनल की नेटवर्क एक्सपीरिएंस रिपोर्ट नवम्बर 2024 के अनुसार इसे बिहार सर्कल में उत्कृष्ट 4जी नेटवर्क उपलब्ध कराने के लिए सराहा गया है। इस रिपोर्ट के तहत स्मार्टफोन 4जी यूज़र्स के 4जी अनुभव का मूल्यांकन किया गया। वी उपभोक्ताओं को डेटा, वॉइस, वीडियो एवं गेमिंग का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने में सबसे आगे है। प्रवीर कुमार, ऑपरेशन्स डायरेक्टर, ईस्ट एवं टीयूपी क्लस्टर्स, वोडाफोन आइडिया ने कहा, हमें खुशी है कि हमें बिहार में शानदार परफोर्मेन्स के लिए सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि हमारे नेटवर्क को सशक्त बनाने तथा उपभोक्ताओं को सहज कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए हमारे सतत निवेश की पुष्टि करती है। हम अपने उपभोक्ताओं को कनेक्टिविटी का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करते रहने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। ओपनसिगनल की बिहार और झारखण्ड में वी के नेटवर्क की उत्कृष्टता को दर्शाते हैं। सर्वश्रेष्ठ वीडियो, गेम्स एवं वॉइस ऐप अनुभव तथा सबसे अधिक अपलोड डेटा स्पीड के साथ वी क्षेत्र में अपने यूज़र्स को 4G का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है। यह पहचान देश भर में नेटवर्क के परफोर्मेन्स को बेहतर बनाने के वी के सतत प्रयासों की पुष्टि करती है। L900, L1800, L2100 और L2500 स्पैक्ट्रम बैण्ड पर वी ने बिहार और झारखण्ड में अपनी क्षमता में काफी सुधार किया है।

# अदाणी फाउंडेशन की ओर से 25 गांवों में मवेशी चिकित्सा शिविर का आयोजन








नई सोचएक्सप्रेस

» 10, 000 से अधिक मवेशियों का किया गया उपचार
» गोड्डा और साहेबगंज जिले के ग्रामीणों के लिए विशेष पशु चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

**गोड्डा**। अदाणी फाउंडेशन की ओर से गांवों में रहने वाले लोगों के मवेशियों और अन्य पशुओं के स्वास्थ्य व देखभाल को ध्यान में रखते हुए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गोड्डा और साहेबगंज जिले के मोतिया, डुमरिया, बक्सरा, नायबाद, सोनडीहा, मालडीह, पटवा, परासी, बहादुरचक, नियामकचक, करनू, ठाकुरगंगटी, छोटा तेतरिया, सतीचौकी खुटहरी समेत 25 गांवों के तकरीबन दस हजार मवेशियों की चिकित्कीय जांच व दवा वितरण किया गया। पशु चिकित्सा शिविर के आयोजन में गोड्डा जिला पशुपालन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार समेत डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. धनंजय यादव, डॉ. संजीव कुमार और डॉ. विकास व अन्य डॉक्टरों की भूमिका बेहद अहम रही। शिविर से 1,563 से अधिक परिवारों को लाभ मिला। अदाणी फाउंडेशन के कर्मी डॉक्टर की टीम ने किसानों के घर-घर जाकर मवेशियों की जांच की व दवा उपलब्ध कराया। डॉक्टरों के मुताबिक मवेशियों में मुख्यतः मौसमी बीमारी जैसे खुर पका रोग, मुख पका रोग, बुखार, भूख न लगना, दूध में कमी, घाव, चर्म रोग, सर्दी खांसी, दस्त, पतला गोबर करना और बांझपन की समस्याएँ देखने को मिली, जिसके ईलाज के लिए किसानों को नियमित रूप से कृमि मुक्ति, टीकाकरण और पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए बेहतर आहार पद्धतियों की सलाह दी गई।

# बचपन के प्रेमी जोड़े ने मंदिर में रचाई शादी




नई सोचएक्सप्रेस

» समाज को दिया सच्चे प्यार का संदेश

**जहानाबाद**। गोरक्षिणी स्थित मां मंडेश्वरी मंदिर में एक अनोखी शादी ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। बचपन के प्रेमी विजय कुमार साव और चंचला देवी ने समाज और परिवार के विरोध के बावजूद अपने प्यार को मंजूरी दी और शादी कर ली। यह विवाह सच्चे प्रेम और प्रतिबद्धता की एक मिसाल बन गई है। पटना जिले के सिगौड़ी गांव के विजय कुमार साव और चंचला देवी बचपन से एक-दूसरे से प्यार करते थे। विजय ने बताया कि तीन साल पहले चंचला के पति का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। जिसके बाद वह अपने ससुराल में दो बच्चों के साथ रह रही थी। वहीं एक साल पहले विजय की पत्नी का भी निधन हो गया। विजय ने बताया कि वह चंचला से शादी करने का दृढ़ निश्चय कर चुका था। भले ही दोनों परिवारों ने इस रिश्ते का विरोध किया। जबकि विजय ने कहा कि वह चंचला के साथ जीवन बिताने के लिए प्रतिबद्ध था। गुरुवार की रात दोनों ने कोर्ट में कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मां मंडेश्वरी मंदिर में शादी की। पुजारी ने विधिपूर्वक विवाह संपन्न कराया। इस दौरान आसपास की महिलाओं ने रस्मों को निभाया और वर-वधू को आशीर्वाद दिया। शादी के बाद विजय और चंचला ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब वे अपने जीवन की नई शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भगवान ने उनके प्यार को मंजूरी दी है और वे एक-दूसरे का साथ निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। यह शादी न केवल सच्चे प्रेम की जीत है बल्कि समाज के बंधनों को तोड़ते हुए अपने फैसले पर अडिग रहने का प्रेरणादायक उदाहरण भी है।

# मोटोरोला ने 9,999 रुपये में लॉन्च किया मोटो जी35 5जी

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**। भारत के सर्वश्रेष्ठ 5जी स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने मोटो जी35 5जी के लॉन्च की घोषणा के साथ किफायती 5जी स्मार्टफोन बाजार में धूम मचा दी है। इस सेगमेंट के सबसे तेज 5जी स्मार्टफोन को इस सेगमेंट के सबसे ज़्यादा 12 5जी बैंड्स के साथ लॉन्च किया गया है जिसकी कीमत 9,999 रुपये (4 जीबी प्लस 128 जीबी) है जो सहज एवं भविष्य के लिए तैयार 5जी अनुभव के लिए वीओएनआर कनेक्टिविटी, 4x4 मीमो तथा 4 कैरियर एग्रीगेशन को सपोर्ट करता है। लॉन्च के मौके पर मोटोरोला मोबिलिटी इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर टी एम नरसिम्हन ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा, हमें किफायती 5जी सेगमेंट में गेम - चेंजिंग डिवाइस मोटो जी35 5जी को लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। पूरे भारत में बड़े पैमाने पर लोगों के लिए सर्वोत्तम 5जी अनुभव को सुलभ बनाना ही हमारा लक्ष्य है। मोटो जी35 5जी सचमुच अत्याधुनिक 5जी टेक्नोलॉजी, बेहतरीन मनोरंजन और इमेजिंग, तथा शानदार डिजाइन का बेजोड़ संगम है जिसमें कोई समझौता नहीं किया गया है और ये सारे फीचर्स बेमिसाल कीमतों पर उपलब्ध हैं। हमें पूरा यकीन है कि मोटो जी35 5जी नए मानक स्थापित करेगा और देश भर में 5जी के प्रसार को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। मोटो जी35 5जी तीन बेहद आकर्षक रंगों - प्रीमियम वीगन लेदर फिनिश के साथ लीफ ग्रीन और गुआवा रेड तथा 3डी पीएमएमए फिनिश के साथ मिडनाइट ब्लैक में उपलब्ध होगा।

# द ड्यून फेम के ग्रैमी-नामांकित संगीतकार और गायक लॉयर कोटलर को सोनू सूद की निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'फतेह' के लिए चुना गया है

नई सोच एक्सप्रेस



ग्रैमी-नामांकित संगीतकार और लय गायक लॉयर कोटलर, हंस जिमर के बैंड के सदस्य हैं। जब वास्तविक जीवन के नायक सोनू सूद ने वादा किया कि उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म फतेह सिनेमाई प्रतिभा के सभी नोट्स को हिट करेगी, तो वह केवल रूपक नहीं बोल रहे थे। उनकी आगामी साइबर क्राइम-आधारित एक्शन गाथा, फतेह, ग्रैमी-नामांकित लॉयर कोटलर को जोड़ती है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित ड्यून की आवाज है। अब, वह फतेह को अपने द्वारा रचित ट्रैक 'कॉल टू लाइफ' के साथ अपनी आवाज की कीमिया देती है - और यह सिम्फोनिक एड्रेनालाईन रश से कम नहीं है। ग्रैमी-नामांकित संगीतकार और लय गायिका लॉयर कोटलर, हंस जिमर के बैंड की सदस्य और अपनी अनूठी गायन शैली के लिए प्रसिद्ध हैं, जो विश्व लय के एक अनोखे मिश्रण को ओपेरा की कृपा के साथ जोड़ती है, फतेह की एक्शन से भरपूर कहानी की आवृत्ति को बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म में एक धड़कन बढ़ाने वाला दृश्य उनकी रचना और अलौकिक स्वरों की पृष्ठभूमि में है, जो एक दिल को छू लेने वाले दृश्य को लगभग पारलौकिक अनुभव में बदल देता है। सहयोग के बारे में बात करते हुए, लॉयर कोटलर ने साझा किया, "संगीत हमारे द्वारा आविष्कार की गई हर चीज से ऊपर संचार का एक उच्च रूप है, और इसलिए फतेह की भाषा इसके लिए एक ट्रैक बनाने के लिए महत्वहीन थी। जब सोनू ने मुझे फिल्म की कहानी सुनाई, तो उनका जुनून बिजली की तरह था। कॉल टू लाइफ के माध्यम से, मैं उस ऊर्जा को चैनल करना चाहता था और फिल्म के एक्शन सीक्वेंस में प्रकाश, लय और तीव्रता लाना चाहता था। मेरे संगीत और गायन को दृश्य में जान डालते देखना एक अविश्वसनीय अनुभव था।" निर्देशन में एक साहसिक कदम उठाते हुए, सोनू फ़तेह के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उनका विज़न ऐसी फ़िल्म पेश करना है जो सिर्फ़ दमदार न लगे बल्कि दमदार लगे। और वे पीछे नहीं हट रहे हैं। वे कहते हैं, "ग्रैमी-नामांकित लॉयर कॉटलर के साथ सहयोग करना मेरे लिए गर्व और खुशी की बात है, जिनके काम की वैश्विक मंच पर गूंज है। मुझे सबसे आश्चर्यजनक बात यह लगी कि इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ा कि हिंदी उनके लिए अपरिचित थी क्योंकि संगीत ही सबसे बड़ी सार्वभौमिक भाषा है। फ़तेह में उनकी भावपूर्ण रचना वह सब कुछ व्यक्त करती है जिसकी हमें ज़रूरत है और उससे भी ज़्यादा, जो इसके एक्शन सीक्वेंस में एक रहस्यमयी ऊर्जा लाती है। उन्हें फ़िल्म में शामिल करना सिर्फ़ एक विकल्प नहीं था, बल्कि सही नोट पर हिट होना और दर्शकों को सिर्फ़ सर्वश्रेष्ठ देना ज़रूरी था।" फ़तेह का टीज़र पहले ही प्रशंसकों के दिलों में घर कर चुका है, जिसमें हाई-ऑक्टेन स्टंट, रेज़र-शार्प विजुअल्स और साइबर क्राइम की अंधेरी भूलभुलैया को उजागर करने वाली कहानी की झलक दिखाई गई है। जैकलीन फ़र्नांडीज़, विजय राज और दिग्गज नसीरुद्दीन शाह के साथ सोनू के साथ स्क्रीन पर आने से, यह फ़िल्म एक्शन, साज़िश और रहस्य का मिश्रण होने का वादा करती है। सोनाली सूद और उमेश केआर बंसल द्वारा निर्मित, फ़तेह साहस, लचीलापन और साइबर अपराध के खिलाफ़ लड़ाई की एक मनोरंजक कहानी है, जो 10 जनवरी, 2025 को रिलीज़ होने वाली है।

# ए.डी.एम ने बीजेपी नेता पर धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज करायी

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। ए.डी.एम को धमकी देने वाले के विरुद्ध अधिकारी ने राकेश कुमार नामक व्यक्ति पर आरोप लगाया है जो खुद को कथित रूप से बीजेपी का नेता बता रहा है। राकेश कुमार के खिलाफ ए.डी.एम ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और धमकी देने के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। मामला जमीन विवाद से जुड़ा है। सोनवां गांव निवासी राकेश कुमार ने जमीन विवाद मामले में एडीएम विनय कुमार के कक्ष में गए थे। इसी दौरान दोनों के बीच नोकझोंक हुआ। ए.डी.एम ने आरोप लगाया है कि राकेश कुमार चाहते हैं कि जांच उनके पक्ष में हो और रंजीत कुमार पर कार्रवाई हो। एडीएम ने कहा कि इसकी जांच चल रही है। निष्पक्षता के साथ कार्रवाई होगी। इसी पर राकेश कुमार भड़क गए। उस समय डी.डी.सी ने आकर मामला शांत कराया। ए.डी.एम ने इस सम्बंध में बताया कि राकेश कुमार का आरोप है कि रंजीत कुमार उनकी जमीन पर नाला का निर्माण करा लिया है। इस मामले में राकेश कुमार रंजीत कुमार के बीच मारपीट भी हुई थी। रंजीत ने इनके खिलाफ थाना में केस दर्ज कराया था। इसी मामले की जांच मेरे द्वारा की जा रही है। हमने कहा है कि इसकी जांच चल रही है। इसी बात पर राकेश कुमार भड़क गए। इनके द्वारा बार-बार फोन और वाट्सएप के माध्यम से धमकी जा रही है। बदमाश और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया जाता है। वह चाहते हैं कि उनके पक्ष में जांच हो और रंजित कुमार के खिलाफ कार्रवाई हो। जांच के बाद ही निष्पक्ष कार्रवाई की जायेगी। जबकि ए.डी.एम पर घूस लेने का आरोप राकेश कुमार निरंतर लगा रहे हैं। दूसरी ओर अपने ऊपर लगे आरोप को लेकर ए.डी.एम ने सफाई दी है। उन्होंने बताया कि मेरी रैयती जमीन पर नाली बनाकर रंजित कुमार ने सात लाख रुपए की निकासी कर ली है। इस मामले में पंचायत राज विभाग में इसकी शिकात दर्ज करायी गई है। बर्खास्तगी का आदेश मिल चुका है लेकिन ए.डी.एम जांच को दबाए बैठे हैं। नेता ने ए.डी.एम पर रंजीत कुमार के द्वारा एक लाख रुपए घूस लेकर मामला को 4 महीने से जांच को दबाने का आरोप लगाया है। रंजीत कुमार की बर्खास्तगी का आदेश है लेकिन एक लाख रुपए लेकर अधिकारी चुप हैं। जब मैने जांच करने की बात कही तो एडीएम आग बबूला हो गए। मुझे गोली मारने की धमकी दी। मेरे ऊपर लगाए गए आरोप निराधार है।

# कोटक सिक्योरिटीज ने 2025 के लिए मार्केट आउटलुक जारी किया

नई सोचएक्सप्रेस





**रांची**। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में मैक्रो - इकोनॉमिक दृष्टिकोण के साथ - साथ इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी आउटलुक को भी शामिल किया गया है, जिन पर निवेशक आने वाले साल में ध्यान दे सकते हैं। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ, श्रीपाल शाह ने कहा, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश स्थान बनाता है। हम भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर पूरा भरोसा करते हैं, लेकिन इसके साथ ही हम निवेशकों को सतर्क आशावाद के साथ बाजार में दृष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हैं। हमें उम्मीद है कि 2025 में इक्विटी बाजार को और गति मिलेगी और कमोडिटी अपने ऐतिहासिक उच्चतम स्तर को पार करेंगी। साथ ही, युवा निवेशकों का शेयर बाजार में शुरुआती निवेश के जरिए संपत्ति बनाने का बढ़ता रुझान बाजार की ग्रोथ में योगदान देगा।


# बेंगलुरु के अतुल इंजीनियर के आत्महत्या , समूचे देश में चर्चा का विषय बना

नई सोच एक्सप्रेस

» झूठे केश में मैं भी आत्महत्या करने क निर्णय ले लिया था







**फतुहा**। बेंगलुरु के ए आई इंजीनियर अतुल सुभाष के आत्महत्या के बाद पूरे देश में चर्चा का विषय बन गया। ऐसी चर्चा शायद देश में पहली बार है। आत्महत्या के कारण बताया जा रहा है कि पत्नी द्वारा 9 मुकदमा झूठा किया गया है, मुझे अब आजीवन जेल में रहना पड़ सकता है, इस भय से आत्महत्या करना मजबूरी बताई जा रही है। आज लाखों निर्दोष जेलों में बंद है। कितने लोगों को जेल में मौत हो गया होगा। बावजूद सिस्टम में कोई सुधार नहीं हुआ। इंजीनियर साहब आप धनवान और विद्वान थे इन्हें सिस्टम से टकराना चाहिए था। पति-पत्नी में झगड़ा होती है पत्नी को पति द्वारा हत्या या आत्महत्या कर लेती है परंतु जिस घटना से दूर-दूर कोई संबंध नहीं रहने के बावजूद मुकदमा में न80 साल के सास , 90 साल के ससुर अलग रह रहे गोतनी ,ससुराल रहे रहे ननद को भी नाम दे दी जाती है तथा पुलिस सभी को जेल ठूंस देती है। ऐसी घटनाएं नित्य दिन होती है तथा सरकार ,नेता ,पुलिस के बड़े-बड़े अधिकारी सभी अवगत है बावजूद किसी ने कोई चर्चा तक नहीं करना नहीं चाहता है। मैं भाजपा भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने झूठे दर्जनों मुकदमा झेले हैं, मैंने भी कई बार आत्महत्या करने के लिए निर्णय ले लिया था। रात्रि के सपने में कोई ना कोई आकर रोक देता था कि तुम्हें समाज के लिए अभी आवश्यकता है आप संघर्ष करें हम साथ हैं। मेरे ऊपर सबसे पहला मुकदमा था जब मेरा उम्र 18 साल के लगभग था। फतुहा थाना के एक दरोगा केदार सिंह ने मुकदमा किया था की एक केस में जांच करने केलिए गए तो उस समय मेरे साथ सोहन ,मोहन नाम का दो सिपाही था। मेरे उपर लक्ष्मी नारायण सिंह अचानक गोली चला दिया ।हम तीनों जान बचाकर भागना शुरू किया। लक्ष्मी नारायण सिंह ने दर्जनों गोली चलाते और खदेड़ते रहे ,हम तीनों जान बचाकर भागते -भागते लश्करी चक बृंद सिंह के शरण लिए। उस समय पुलिस इंस्पेक्टर पटना सिटी में कार्यालय था। मामला को गंभीरता से देखते हुए शायद पटना सिटी इंस्पेक्टर के बदले ईमानदार पुलिस इंस्पेक्टर के आर पी सिंह फुलवारी शरीफ को जांच का आदेश दिया गया। उन्होंने जांच में पाया कि यह झूठ का पुलिंदा और मन ग्रंथ है, केश समाप्त हो गया। पटना की तत्कालीन विधायक सरजूग पासवान ने जहर देने का मुकदमा ठोका, गंभीरता को देखते हुए यह मुकदमा माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक पहुंच गया। नीतीश कुमार ने स्वयं जानकारी लिए उसके बाद तत्कालीन एसएसपी को झूठे मुकदमे से अवगत करा दिया। तत्कालीन एस एसपी कुंदन कृष्ण ने इस मुकदमा को पेंडिंग करने का निर्णय लिया । पेंडिंग का निर्णय सुनते ही आत्महत्या के बदले कठोर निर्णय लिया तथा तुरंत साड़ी, साया , सिंदूर, टिकुली ,एनक , कंघी के साथ एक चिठ्ठी कुरियर से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास भेज दिया कि कुंदन कृष्णा को केश को पेंडिंग रखने उपहार में भेजें दिया जाए । इस उपहार ने शायद माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को गुस्सा में ला दिया तथा कुंदन कृष्णा को कहना पड़ा होगा कि आज कैसे खत्म करो। यह जानकारी तत्कालीन अनुसंधान कर्ता तिवारी जी ने दी कहा कि आपका मुकदमा समाप्त हो गया। आत्महत्या कायरों का निर्णय है । यदि सही है तो टकराना सीखें। कभी-कभी अपनी गलती पत्नी का दोस् भी होती है। अपने रंग रूप का पत्नी लाएं तो कई समस्या उत्पन्न नहीं होगी? कभी-कभी देखा जाता है कि बदसूरत चेहरा रहने के बाद हीरोइन पत्नी ले आते हैं तथा किसी से बात करने पर भी प्रतिबंध लगा दी जाती है। ऐसी समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## एक निर्दयी शासन का अंत दूसरे निर्दयी शासन को जन्म

मनमानी और लोगों को दबा कर शासन करने वालों का राज एक न एक दिन खत्म होता ही है। और जब उनके राज का अंत होता है तो वह निष्ठुर होता है। और उन देशों में भी जहां लोकतंत्र दिखावे का है। हाल के दशकों पर निगाह डालें। शेख हसीना का क्या हुआ? सद्दाम हुसैन, गद्दाफी, जीन अल अबिदीन बेन अली, होस्नी मुबारक आदि की सूची में अब बशर अल-असद का नाम भी जुड़ गया है। असद परिवार के पचास साला राज के खात्मे का सभी और स्वागत है। सीरिया में लोगों ने राहत की सांस ली। वहां 'एक नई शुरूआत' और बाकी दुनिया से नए सिरे से संबंध कायम करने को लेकर जश्न का माहौल है। पश्चिम ने असद सरकार के तख्तापलट पर अपनी प्रसन्नता और हर्ष बेबाकी से जाहिर की है। लेकिन एक ऐसे देश के लिए नई शुरूआत कैसी होगी जिसने सिर्फ निर्ममता भुगती है? वे एक नई शुरूआत कैसे करेंगे जबकि उन्होंने जीवन भर सिर्फ दमन देखा-भोगा है? इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि इस्लामिक उग्रवादियों और आतंकवादियों का गठबंधन 'ताजी शुरूआत' का प्रतीक भला कैसे बन सकता है? भविष्य में वे क्या करेंगे यह कोई नहीं जानता। ऐसे में क्या इनके सत्ता पर काबिज होने का जश्न मनाया जाना चाहिए? दस साल पहले मिस्र, लीबिया, ट्यूनीशिया और यमन – जहां तानाशाहों का तख्ता पलट दिया गया था – में खुशियां मनाई गईं थीं और सुनहरे, आजादी भरे दिनों का इंतजार था। उम्मीदों का कोई ठिकाना न था। सारी दुनिया ने तानाशाहों का राज खत्म होने की थी। ये चार देश क्रांति की सफलता की नजीर बन गए थे। उसे अरब स्प्रिंग कहा गया था। लेकिन आज इन देशों में जो हालात हैं वे हमारे लिए एक चेतावनी हैं। मिस्र में लोकतंत्र अधिक समय तक कायम न रह सका। लीबिया, ट्यूनीशिया और यमन गृहयुद्ध में फंस गए। ये विदेशी ताकतों का अखाड़ा हुए। खाड़ी के अमीर देशों ने वहां अपने लोगों को सत्ता पर काबिज कराने और अन्य देशों में अलोकतांत्रिक शक्तियों की मदद के लिए बेशुमार पैसा खर्च किया। आज इस क्षेत्र में 2010 से भी कम आजादी है – और ज्यादातर पैमानों पर इन देशों के हालात खराब ही हैं। लोकतंत्र के झंडाबरदार पश्चिमी देश, इन देशों की नई शुरुआत में मददगार नहीं हुए। जैसा कि अफगानिस्तान के मामले में हुआ, अब वे इस सोच-विचार में डूबे हुए हैं कि उन देशों में बगावत को सफल बनाने के लिए वे क्या कर सकते थे। क्या इससे ज्यादा आत्ममुग्ध होना संभव है? जो हुआ उसकी वजह बहुत और सीधी है। बगावत के बाद ईरान से रूस तक, और पश्चिम देशों से लेकर तक क्षेत्रीय ताकतों तक – सभी इन देशों में अपना दबदबा कायम करने में जुटे। इसके अलावा, इस्लामवादी समूह भी सक्रिय थे जो चाहते थे कि उनकी मर्जी चले और सत्ता पर उनका प्रभाव रहे। लेकिन सबसे बड़ी भूल हालातों को समझने में हुई। लोकतंत्र के लिए मात्र यह पर्याप्त नहीं होता कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हों। उसके लिए बातों को समझने, जानने और उनमें रूचि लेने वाले नागरिकों, सभी पक्षों को स्वीकार्य नियम-कानूनों और इस सांझे भरोसे की भी जरूरत होती है कि राजनैतिक मतभेद देश के अस्तित्व के लिए खतरा नहीं बनेंगे। सीरिया पर असद का राज खत्म होना एक राहत भरी खबर है लेकिन अनिश्चितता के हालात हैं। इस्लामिक उग्रपंथियां का गठबंधन एक बड़ा खतरा है। हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस), जिसकी इस तख्तापलट में सबसे बड़ी भूमिका थी, काफी शक्तिशाली है। अमेरिका इसे आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। देश में अपना दबदबा कायम करने के लिए एचटीएस को एक अन्य तुर्की-समर्थित संगठन, जिसका प्रभाव क्षेत्र उत्तरी सीरिया है, और कुर्दिश नेतृत्व वाले पूर्वी सीरिया के एक धर्मनिरपेक्ष गठबंधन, जिसे अमेरिका का समर्थन हासिल है, से निपटना होगा। हालांकि एचटीएस अपनी छवि एक उदारवादी और नर्मदिल संगठन की बनाने की कोशिश कर रहा है, जो ईसाईयों, ड्रूसों और असद के समर्थन के मुख्य आधार शिया समुदाय के अलावतियों समेत सीरिया के विभिन्न अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना चाहता है। लेकिन यह तभी संभव हो सकेगा जब असद के बाद के दौर के सीरिया के शासन के संचालन के संबंध में इन समुदायों के साथ इस संगठन का कोई समझौता हो। यदि ऐसा नहीं हुआ तो गृहयुद्ध चलता रहेगा क्योंकि विभिन्न अल्पसंख्यक समूहों के लडाके, नई केन्द्रीय सरकार को अपने-अपने इलाकों में घुसने से रोकने के लिए खड़े हो जाएंगे। जहां तक विदेशी शक्तियों का सवाल है, तुर्की ने अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिश शुरू कर दी है। तुर्की, सीरिया में राजनैतिक स्थिरता इसलिए भी चाहता है क्योंकि तुर्की में रह रहे 30 लाख सीरियाई शरणार्थी तब तक अपने देश वापिस नहीं जाएंगे जब तक वहां से असद का नामोनिशां मिट नहीं जाता। राष्ट्रपति अर्दोगान को शरणार्थियों को वापिस भेजने में असफल रहने के लिए देश में आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन तुर्की किस सीमा तक एचटीएस को अपने नियंत्रण में रख सकेगा, यह पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता। अर्दोगान का एचटीएस के नेता अबू मोहम्मद अल-जोलानी पर कितना प्रभाव है, यह स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा ईरान और रूस की प्रतिक्रिया क्या होगी और वे कौन-से कदम उठाएंगे, यह समय बताएगा। ईरान का मानना है कि एचटीएस के सशक्त होने और आगे बढने में इजराइल और अमेरिका का मुख्य योगदान रहा है। उसका दावा है कि इजराइल इस संघर्ष का लाभ उठाकर सीरिया के रास्ते ईरान से लेबनान पहुंचाए जाने वाले हथियारों के मार्ग को बंद करना चाहता है। यह बात सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर कही जा रही है, खासकर शियाओं द्वारा। सीरिया का घटनाक्रम निश्चित ही क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को प्रभावित करेगा। असद परिवार का राज खत्म होना उतना ही बुरा है जितना उनका शासन था। इसलिए दुनिया को और बुरे हालातों के लिए तैयार रहना होगा। दुनिया के इस इलाके में अनिश्चितता है और कष्टपूर्ण हालात हैं। कुछ देश पूरी तरह असफल हो चुके हैं और कुछ ऐसे है जो अपनी युवा आबादी को बेहतर भविष्य देने में सक्षम नहीं हैं। बगावतें, कामयाब कम होती हैं और नाकामयाब ज्यादा। वे अक्सर चार दिन की चांदनी साबित होती हैं। पश्चिम एशिया में एक निर्दयी शासन का अंत दूसरे निर्दयी शासन को जन्म देता है – जो उतना ही या उससे ज्यादा बर्बर होता है। लोकतंत्र, स्वतंत्रता, उम्मीद और समृद्धि इस क्षेत्र को रास नहीं आते।

# बांग्लादेश में हिंदुओं और उनके मंदिरों से आखिर किस बात का बदला?



आरती कुमारी

चार महीने पहले बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के खिलाफ जो गुस्सा था, वह हसीना सरकार के अपदस्थ होने के बाद से हिंदुओं और हिंदू मंदिरों पर उतर रहा है। बांग्लादेश में शेख हसीना के खिलाफ आक्रोश के कारण कई कारण हो सकते हैं, बांग्लादेशी अवाम की हसीना सरकार की नीतियों के खिलाफ नाराजगी भी समझ में आ सकती है पर बड़ा सवाल है कि वहां हिंदुओं और उनके मंदिरों से किस बात का बदला लिया जा रहा है? बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों पर हमले कोई नई बात नहीं है। बीते समय में समय-समय पर ऐसी घटनाएं सामने आती रही हैं। 2016 में कट्टरपंथी इस्लामी गुटों ने बांग्लादेश में पन्द्रह मंदिर तोड़ डाले थे और सौ से ज्यादा हिंदुओं के घरों को तोड़ डाला गया था। 2022 में भी वहां मंदिरों को निशाना बनाया गया। पिछले कई दिनों से वहां मंदिर तोडऩे का सिलसिला चल रहा है। हाल में ढाका में इस्कॉन मंदिर और वहां विराजित भगवान श्रीकृष्ण और भगवान लक्ष्मीनारायण की प्रतिमाओं को पेट्रोल डाल जला देने की घटना झकझोर देने वाली है। ज्यादा समय नहीं हुआ है, जब पाकिस्तान की सीमा हैदर भारत के सचिन के प्यार में पड़ कर भारत आ गई तो इसका बदला पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों को नुकसान पहुंचा कर लिया गया। सीमा की करतूत का बदला पाकिस्तान में सिंध के काशमोर में हिंदू मंदिरों पर रॉकेट लॉन्चर से हमले कर लिया गया। तब मंदिर और आसपास बसे हिंदू समुदाय के घरों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई। कराची में भी डेढ़ शताब्दी पुराने हिंदू मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया। पाकिस्तान में हिंदू मंदिरों पर हमले कोई नई बात नहीं है। जब से पाकिस्तान की नींव पड़ी है, तब से वहां के हिंदू मंदिर कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। भारत से किसी भी नाराजगी का प्रतिशोध मंदिरों को ध्वस्त करके लिया जाता है। बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद वहां अनेक मंदिर ढहा दिए गए। हालत यह है कि दुनिया में कहीं कुछ भी हो, पाकिस्तान में कट्टरपंथियों के निशाने पर हिंदू मंदिर आ जाते हैं। पिछले कुछ सालों से बांग्लादेश भी पाकिस्तान की राह पर चल निकला है। वहां दुर्गा पूजा और अन्य त्योहारों पर भी हिंदुओं पर हिंसा की घटनाएं सामने आती रही हैं। सवाल उठता है कि ऐसा करके क्या हासिल होने वाला है? बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं पर चुन-चुनकर हमला किया जा रहा है। हिंदुओं की हत्याएं, सम्पत्ति पर कब्जे, आग लगाने और दुष्कर्म जैसी घटनाएं चिंताजनक हैं। हालात इतने बदतर हो गए हैं कि इस्कॉन के पुजारियों ने तिलक लगाना, तुलसी माला पहनना और भगवा वस्त्र पहनना छोड़ दिया है। पाकिस्तान में हिंदू लड़कियों से दुष्कर्म और जबरन धर्म परिवर्तन के कारण पिछले तीन दशक में सैकड़ों हिंदू भारत आए लेकिन लौटकर नहीं गए। अब उसी तर्ज पर बांग्लादेश से हिंदुओं को भगाने की कोशिश की जा रही है। पाकिस्तान हिंदू राइट्स मूवमेंट के आंकड़ों से पता चलता है कि 1947 में भारत विभाजन के समय पाकिस्तान में 428 प्रमुख मंदिर थे, इनमें से 408 मंदिरों को ध्वस्त कर दिया गया है। इन सभी मंदिरों के स्थान पर मदरसे, स्कूल, होटल और रेस्टोरेंट खड़े कर दिए गए हैं। पाकिस्तान में अब बमुश्किल दो दर्जन मंदिर ही शेष रहे हैं। इनमें में भी देखने लायक तो पाकिस्तानी पंजाब स्थित 900 साल




पुराना कटासराज मंदिर, इस्लामाबाद के पास सैयदपुर का श्रीराम मंदिर, कराची का पंचमुखी हनुमान मंदिर, पेशावर का गोरखनाथ मंदिर, सिंध का श्रीहिंगलाज माता मंदिर और वरुणदेव मंदिर ही बचे हैं। नफरत की नींव पर बने पाकिस्तान से किसी सकारात्मक काम की उम्मीद ही बेकार है मगर भारत की मदद से अस्तित्व में आए बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, वह भी पाकिस्तान में हिंदुओं पर अत्याचार जितना ही निंदनीय और चिंताजनक है। मंदिरों को ढहाना सिर्फ पत्थरों के ढांचे को खत्म करना नहीं है, ऐसा करके हिंदुओं की समृद्ध और वैभवशाली संस्कृत को नष्ट करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। भारत को इस मुद्दे को वैश्विक स्तर पर पुरजोर तरीके से उठाना चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है क्योंकि बांग्लादेश में हसीना के अपदस्थ होने के बाद बनी नई सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। यूनुस लगातार कहते आ रहे हैं कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में हिंदुओं से जुड़ी घटनाओं को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है। बांग्लादेश के हिंदू अपने स्तर पर कट्टरपंथियों से जूझ रहे हैं। भारत सरकार को कूटनीति के दायरे में उनकी हर संभव मदद करनी चाहिए।

# वन नेशन वन इलेक्शन – रिपोर्ट आने के बाद मोदी का सपना मूर्त रूप लेने को तैयार

अशोक भाटिया

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को दो बिल पेश करने को मंजूरी दे दी। इसमें एक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल एक साथ करने के लिए और दूसरा दिल्ली और अन्य केंद्र शासित प्रदेश विधानसभाओं के लिए समान संशोधन करने के लिए था। वन नेशन वन इलेक्शन बिल को आखिरकार केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। सूत्रों के अनुसार विधेयकों को मौजूदा शीतकालीन सत्र में पेश किए जाने की संभावना है । ज्ञात हो कि वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनाई गई पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी ने गुरुवार (14 मार्च) को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी । यह 18,626 पन्नों की है। इसमें कहा गया है- पैनल का गठन 2 सितंबर 2023 को किया गया था। यह रिपोर्ट स्टेकहोल्डर्स-एक्सपर्ट्स से चर्चा के बाद 191 दिन की रिसर्च का नतीजा है।रिपोर्ट के मुताबिक, 'एक देश, एक चुनाव' पर कमेटी ने 62 पार्टियों से संपर्क साधा था। इनमें से 47 ने जवाब दिया। 32 पार्टियो ने एकसाथ चुनाव कराने का समर्थन किया, 15 पार्टियों ने इसका विरोध किया और 15 पार्टियों ने इसका जवाब नहीं दिया। कांग्रेस, AAP, बसपा और CPI-M ने एक देश, एक चुनाव प्रस्ताव का विरोध किया, जबकि भाजपा और नेशनल पीपुल्स पार्टी ने समर्थन किया।हाईकोर्ट के 9 पूर्व मुख्य न्यायाधीशों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि HC के 3 मुख्य न्यायाधीशों ने एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव का विरोध किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाने के प्रबल समर्थक माने जाते हैं। 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से अपने भाषण में कहा कि एक साथ चुनाव कराने को लेकर देशभर में बहस चल रही है। यह चर्चा लोकतांत्रिक तरीके से की जानी चाहिए। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के अपने सपने को साकार करने के लिए हमें ऐसे अनेक नए विचार जोड़ने होंगे। गौरतलब है कि 1951 से 1967 के बीच लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1951-52 में आम चुनाव और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। इसके बाद 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे।1959 में सीपीआई नेतृत्व वाली सरकार को बर्खास्त कर दिया गया था और राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। 1960 में केरल में विशेष राज्य चुनाव हुआ था, जिसके चलते 1962 में राज्य सरकार भंग नहीं हुई थी, जब आम चुनाव हुए थे। 1964 में केरल में दोबारा राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। फिर 1965 में चुनाव हुए थे लेकिन राष्ट्रपति शासन जारी रहा और 1967 तक चला, जिसके चलते केरल विधानसभा का चुनाव एक बार फिर आम चुनाव के साथ हुआ। 1968 और 1969 में कुछ विधानसभाओं के समय से पहले भंग होने की वजह से पहली बार एक साथ चुनाव होने का चक्र बाधित हुआ था। वहीं, चौथी लोकसभा भी समय से पहले भंग कर दी गई थी, जिसकी वजह से 1971 में नए चुनाव हुए। बता दें कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं को सामान्य कार्यकाल से पहले भी भंग किया जा सकता है।2019 के लोकसभा चुनाव के बाद अब तक कई राज्यों में विधानसभा के चुनाव हो चुके हैं। अप्रैल-मई 2019 से शुरू होकर अब तक कई राज्यों के चुनाव हुए। वर्तमान में हर साल करीब 5-7 राज्यों के विधानसभा चुनाव होते हैं। बार-बार चुनाव होने की वजह से सार्वजनिक जीवन बाधित होता है। 2015 में कार्मिक, सार्वजनिक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने कहा था कि बार-बार चुनाव होने से सामान्य सार्वजनिक जीवन में व्यवधान होता है और जरूरी सेवाओं के कामकाज पर असर पड़ता है। राजनीतिक रैलियां करने से सड़क यातायात बाधित होता है और ध्वनि प्रदूषण भी होता है।मौजूदी चुनावी चक्र में शामिल प्रमुख प्रतिकूल प्रभाव चुनाव आयोग की ओर से आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्यों और शासन पर असर डालते हैं। बार-बार चुनाव होने के कारण सरकार और अन्य हितधारकों को बड़े पैमाने पर खर्च करना पड़ता है। काफी लंबे समय तक सुरक्षा बलों की तैनाती करनी पड़ती है। आलोचकों की राय में एक साथ चुनाव कराने का विचार राजनीति से प्रेरित है। एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं का व्यवहार इस रूप में प्रभावित हो सकता है कि वे राज्य के चुनाव के लिए भी राष्ट्रीय मुद्दों पर मतदान करने लगेंगे। इससे संभावना है कि बड़ी राष्ट्रीय पार्टियां लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों में जीत हासिल करें। इससे क्षेत्रीय पार्टियों के हाशिए पर चले जाने की आशंका है जो अक्सर स्थानीय हितों का प्रतिनिधित्व करती हैं।कुछ आलोचकों का मानना है कि प्रत्येक 5 साल में एक से ज्यादा बार मतदाताओं का सामना करने से नेताओं की जवाबदेही बढ़ती है और वे सतर्क रहते हैं। कुछ राजनीतिक दलों और 2015 में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने एक बार में कराए जाने वाले चुनाव का समर्थन किया था। एआईएडीएमके ने गहन विचार-विमर्श के साथ वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया था। असम गण परिषद का कहना था कि इससे छोटी पार्टियों पर वित्तीय बोझ कम होगा। आईयूएमएल के मुताबिक ऐसा करने से समय की बचत होगी। डीएमडीके ने लोकसभा और विधानसभाओं के निश्चित कार्यकाल वाले विचार का समर्थन किया। वहीं, शिरोमणि अकाली दल ने इस विचार का समर्थन किया लेकिन कहा कि त्रिशंकु विधानसभा होने पर स्पष्टता की जरूरत है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र के फैसले का कड़ा विरोध किया है । ममता बनर्जी ने आज दोपहर एक्स हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेषज्ञों और विपक्षी नेताओं द्वारा उठाई गई हर जायज चिंता को नजरअंदाज करते हुए असंवैधानिक और संघीय-विरोधी एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक को अपना रास्ता बना लिया है। कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था लागू करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दिये जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार चुनावी शुचिता पर उठ रहे सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी के रुख में कुछ बदलाव नहीं हुआ है। खरगे ने समिति को इस साल 17 जनवरी को पत्र लिखकर 'एक देश, एक चुनाव' के विचार का पुरजोर विरोध किया था। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहले भी उनकी पार्टी ने चुनाव, चुनावी प्रणाली और चुनावी शुचिता से संबंधित कई सवाल उठाए हैं। गौरतलब है कि संविधान का अनुच्छेद 83 संसद के दोनों सदनों के कार्यकाल का प्रावधान करता है। अनुच्छेद 83(2) लोकसभा के लिए इसकी पहली बैठक की तारीख से पांच साल के कार्यकाल का प्रावधान करता है, जब तक कि इसे पहले भंग न किया जाए। अनुच्छेद 172 (1) राज्य विधानसभा के लिए उसकी पहली बैठक की तारीख से पांच साल के कार्यकाल का प्रावधान करता है।क्या लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है? इसका जवाब है कि आपातकालीन स्थिति को छोड़कर किसी भी कीमत पर सदन का कार्यकाल बढ़ाया नहीं जा सकता है लेकिन इसे इसके कार्यकाल की समाप्ति से पहले भंग किया जा सकता है। एक साथ चुनाव पर चुनाव आयोग ने पहली बार 1983 में सुझाव दिया था। उस वर्ष प्रकाशित भारत के चुनाव आयोग की पहली वार्षिक रिपोर्ट में इसका विचार आया था। विधि आयोग की ओर से 1999 में इसका विचार आया था। 1999 में न्यायमूर्ति बीपी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता में भारतीय विधि आयोग ने चुनावी कानूनों के सुधार पर अपनी 170वीं रिपोर्ट पेश की थी। इसने चुनाव सुधारों के एक भाग के रूप में एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की थी। 2015 में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने अपनी 79वीं रिपोर्ट में दीर्घकालिक (लंबे समय तक) सुशासन के लिए एक साथ चुनाव कराने का सुझाव दिया था और इसकी व्यवहार्यता की भी जांच की। 2017 में नीति आयोग ने भी एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर एक रिपोर्ट तैयार की थी। 30 अगस्त, 2018 को जस्टिस बीएस चौहान की अध्यक्षता में भारत के विधि आयोग ने एक साथ चुनाव पर अपनी मसौदा रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट में एक साथ चुनाव कराने से संबंधित कानूनी और संवैधानिक सवालों की जांच की गई। एक साथ चुनाव मतदाताओं के व्यवहार को कैसे प्रभावित कर सकता है, इस पर आईडीएफसी इंस्टीट्यूट के एक विश्लेषण से पता चलता है कि औसतन 77 फीसदी संभावना है कि जब चुनाव एक साथ होंगे तो मतदाता लोकसभा और विधानसभा दोनों के लिए एक ही पार्टी को वोट देंगे। दूसरी ओर बार-बार चुनाव चक्र जवाबदेही का एक उपाय प्रदान करते हैं क्योंकि विभिन्न स्थानीय और राज्य-स्तरीय मुद्दे समय-समय पर चुनावों को प्रभावित करते हैं।विधानसभाओं और लोकसभा की शर्तों को पहली बार कैसे सिंक्रनाइज (समकालिक) किया जाएगा? क्या इसके लिए कुछ राज्य विधानसभाओं की मौजूदा शर्तों को बढ़ाना या कम करना संभव होगा? अगर चुनाव एक साथ होते हैं तो उस स्थिति में क्या होगा जब सत्तारूढ़ दल या गठबंधन कार्यकाल के बीच लोकसभा या राज्य विधानसभाओं में बहुमत खो देता है? क्या लोकसभा और विधानसभाओं का कार्यकाल तय होना चाहिए? क्या चुनाव आयोग के लिए लॉजिस्टिक्स, सिक्योरिटी और मैनपावर संसाधन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इतने बड़े पैमाने पर चुनाव कराना व्यावहारिक रूप से संभव है? ऐसा सुझाव सामने आया कि देश में एक साथ चुनाव लागू करने के लिए राज्य विधानसभाओं की शर्तों को सिंक्रनाइज (समकालिक) किया जाए। संविधान के अनुच्छेद 83, 85, 172, 174 और 356 के प्रावधानों में संशोधन के बिना लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ नहीं कराए जा सकते हैं। एक साथ चुनाव कराने के लिए संघ और राज्य विधानसभाओं के लिए निश्चित कार्यकाल होना जरूरी है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव अलग-अलग कराने का अनुमानित खर्च 10,000 करोड़ रुपये बैठता है। 2018 के आसपास का अनुमान कहता है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव कराने की अनुमानित लागत 4500 करोड़ रुपये है। लोकसभा चुनाव के वास्तविक आयोजन पर होने वाला पूरा खर्च भारत सरकार की ओर से वहन किया जाता है। राज्य विधानमंडलों के चुनावों का संचालन संबंधित राज्य सरकारों की ओर से किया जाता है। अगर लोकसभा और राज्य विधानसभा के लिए एक साथ चुनाव होता है तो खर्च भारत सरकार और संबंधित राज्य सरकारों के बीच साझा किया जाता है। वहीं, भले ही चुनाव लोकसभा का हो, कानून और व्यवस्था बनाए रखने का खर्च संबंधित राज्य सरकारों की ओर से उठाया जाता है।इस समय करीब 2-5 राज्यों की विधानसभाओं में हर 6 महीने में चुनाव होते हैं, इस वजह से केंद्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बलों को लंबे समय तक इसके लिए समर्पित रहना पड़ता है। ऐसी स्थिति साफ तौर पर अकारण समझी जाती है क्योंकि सशस्त्र पुलिस बल को अन्य आंतरिक सुरक्षा उद्देश्यों के लिए बेहतर ढंग से तैनात किया जा सकता है। उन बुनियादी जिम्मेदारियों के लिए उन्हें काम में लाया जा सकता है जिनके लिए इन बलों को विकसित किया गया। ब्राजील, कोलंबिया और फिलीपींस (राष्ट्रपति शासन प्रणाली) में राष्ट्रपति पद के लिए और विधायी स्तर पर चुनाव एक साथ होते हैं। दक्षिण अफ्रीका और स्वीडन में आम चुनाव और प्रांतीय दोनों चुनाव एक साथ होते हैं। दक्षिण अफ्रीका में आम चुनाव और प्रांतीय चुनाव एक साथ पांच साल के लिए होते हैं और नगर निगन चुनाव दो साल बाद होते हैं।स्वीडन में राष्ट्रीय विधायिका और प्रांतीय विधायिका/काउंटी परिषद और स्थानीय निकायों/म्युनिसिपल असेंबली के चुनाव चार साल के लिए एक निश्चित तिथि यानी सितंबर के दूसरे रविवार को होते हैं।




**मेष राशि**- आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी।आप अपना नया व्यापार शुरु करेंगे, आप काम पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आप को मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा , आपका सम्मान भी बढ़ेगा।आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे।आज आपको विवाद से बचकर रहना चाहिए अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं।

**वृष राशि**- आज का दिन आपका बहुत बढिय़ा रहेगा,मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छुएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा।आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा।आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जायेंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगो से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे।आपके सगे सम्बन्धियों से मेल-जोल बढ़ेगा।

**मिथुन राशि**- आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्याओं से कुछ राहत मिलेगी तथा आप खुद को ऊर्जावान तथा सकारात्मक महसूस करेंगे। अपने व्यक्तित्व को व्यवस्थित रखने के लिए आत्म मनन भी करना जरूरी है।

**कर्क राशि**- आज का दिन सुखमय रहेगा।आप में साहस बढ़ेगा और साहसपूर्ण काम करने में सक्षम रहेंगे। आपको गृह भूमि का लाभ मिलेगा। प्रभावशाली काम को करने का अवसर मिलेगा।जिन्दगी में कोई नया कदम उठाने का अवसर मिलेगा।धैर्य से काम करना होगा , जिससे काम का पूरा रिजल्ट मिलेगा।

**सिंह राशि**- आज आपका दिन खुशियाँ लायेगा।आप घर पर लोगो के साथ अपना मत रखेंगे और अच्छा फल मिलेगा।संतान के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। पेट की समस्या के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से आप मिलेंगे,जिससे आपको कुछ राहत मिले।आपको व्यापारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। संयम रख के काम करने से सुख मिलेगा।

**कन्या राशि**- आज आपका दिन और अधिक खुशनुमा रहेगा।आप एक नयी दिशा में अपना काम करेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार दोस्तों से करेंगे, आपको अच्छी सलाह मिलेगी।अन्न-धन में बढ़ोत्तरी होगी।आप जिस पद पर कार्यरत है उस पद से पदोन्नति होगी। नयी दिशा में काम करेंगे जिससे आपकी योजना को बढ़ावा मिलेगा।पारिवारिक सुख शांति बढ़ेगी।महिलाये आज घर के कामों के बिजी रहेंगी।

**तुला राशि**- आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है।नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है , उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।आज गुस्से की बजाए शांति से समस्या सुलझाएं, क्युकी घर की व्यवस्था उचित बनाए रखने में आपसी सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। आज सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

**वृश्चिक राशि**- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है।आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा।आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी।आज परिवार के लोगों का साथ मिलेगा। जिससे समस्या का समाधान भी मिल जाएगा। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे।आज आपके काम करने की कला से लोग....... आपसे प्रभावित होंगे।

**धनु राशि**- आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आज व्यवसायिक गतिविधियों में समय अनुसार परिवर्तन करने की जरूरत है। साथ ही कर्मचारियोंतथा स्टाफ पर भी अनुशासन रखेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**मकर राशि**- आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा।आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। आज आप फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोडऩे के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

**कुंभ राशि**- आज का दिन बढिय़ा रहने वाला है।आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा।आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा । दांपत्य संबंध सुखद और खुशहाली पूर्ण रहेंगे।

**मीन राशि**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है।कार्यक्षेत्र में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे। निश्चित ही सफलता मिलेगी। पार्टनरशिप संबंधी कोई प्रपोजल भी आ सकता है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा।7 आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा।घर में व्यवस्थित और खुशहाली पूर्ण माहौल रहेगा।

# संन्यास के बाद भी करोड़ों की कमाई कर रहे युवराज

**चंडीगढ़।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह को संन्यास लिए काफी समय हो गया है। इसके बाद भी युवराज विज्ञापनों से जमकर कमाई कर रहे है। वह विज्ञापनों से ही हर माह करीब एक करोड़ की कमाई कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार युवराज की नेट वर्थ करीब 291 करोड़ रुपये है। 2011 विश्वकप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज ने साल 2019 में क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। इसके बाद भी आज वह कई बड़े ब्रांड से जुडें है। युवराज ने कई स्टार्टअप्स शुरू किए हैं जिससे भी उन्हें अच्छी खासी कमाई हो रही है। संपत्ति करीब 50 करोड़ से ज्यादा है. युवराज



सिंह के पास मुंबई में करोड़ों रुपये की कीमत वाले दो आलीशान अपार्टमेंट हैं। उन्होंने साल 2013 में वर्ली में लग्जरी आवासीय टॉवर में दो अपार्टमेंट खरीदने के लिए 64 करोड़ खर्च किए थे। उनके पास गोवा में भी एक घर है जबकि चंडीगढ़ में के हवेली है। युवराज सिंह के पास कई लक्जरी कारें हैं। उनके पास बेंटले कॉन्टिनेंटल जीटी, लॉम्बिरिगनी मरसिएलागोए बीएमडब्ल्यू एम5 ई60, बीएमडब्ल्यू एक्सएम 6M और ऑडी क्यू 5 गाड़ियां है। युवराज के करियर की बात करें तो 40 टेस्ट में 1900 रन बनाए जबकि 304 वनडे में उन्होंने 8701 रन बनाए। वहीं 58 टी20 इंटरनेशनल मैचों में उनके नाम 1177 रन हैं। उन्होंने टेस्ट में 3 शतक और 11 अर्धशतक जबकि एकदिवसीय में 14 शतक और 52 अर्धशतक लगाये हैं। टी 20 में उन्होंने 1177 रन बनाए हैं। इसके साथ हीन्होंने गेंदबाजी करते हुए टेस्ट में 9 एकदिवसीय में 111 और टी20 में 28 विकेट लिए हैं। 2007 टी20 विश्वकप में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ मैच में लगातार छह छक्के लगाये थे। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण वह दर्शकों के पसंदीदा बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं।

# पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर ने रोहित की फिटनेस पर सवाल उठाये

**जोहांसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर डेरिल कलिनन ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस पर सवाल उठाये हैं। कलिनन ने कहा है कि रोहत का वजन जरुरत से कहीं ज्यादा है जो उन्हें कम करना होगा। रोहित हाल में धरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली करारी हार के बाद से ही आलोचकों के निशाने पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट में मिली हार के बाद से ही उनपर दबावा भी बढ़ गया है। रोहित पिछले काफी समय से रन भी नहीं बना पा रहे। वह एडिलेड की दोनों पारियों में असफल रे। रोहित इस मैच में छठे नंबर पर उतरे लेकिन फिर भी रन नहीं बना पाये। कलिनन ने रोहित फिटनेस स्तर की आलोचना की और उन्हें बड़ी टेस्ट सीरीज के



लिए अयोग्य बताया है। कलिन ने कहा कि, रोहित को देखिए, फिर विराट को। दोनो में ही साफ अंतर दिखेगा। रोहित का वजन ज्यादा है और वह लंबे समय तक नहीं खेल पायेंगे। रोहित चार या पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने के लिए अच्छी शारीरिक स्थिति में नहीं हैं। रोहित ने साल 2024 की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज के बाद से केवल एक टेस्ट में अर्धशतक लगाया है। वह पिछली 12 पारियों में से 8 में दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये हैं।

# पीसीबी से नाराज गिलेस्पी कोच पद छोड़ेंगे

**लाहौर।** पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कोच जैसन गिलेस्पी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पीसीबी से नाराज चल रहे हैं और माना जा रहा है कि वह शीघ्र ही अपना पद छोड़ देंगे। पीसीबी ने जिस प्रकार पिछले कुछ महीनों में उनकी भूमिका और अधिकारों को सीमित किया है उससे वह उपेक्षित अनुभव कर रहे हैं। अक्टूबर में उन्हें टेस्ट टीम के चयन पैनल से हटा दिया गया। उन्हें कहा गया कि अब वे केवल मैच के लिए रणनीतकार हैं। कोच गैरी कर्स्टन के जाने के बाद गिलेस्पी ने अंतरिम आधार पर टीम को कोचिंग दी थी। वहीं गिलेस्पी के कहने पर टिम नीलसन की इस साल अगस्त में हाई-परफॉर्मेंस रेड-बॉल कोच बनाया गया था। उनके अनुबंध को पाकिस्तान के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद रिन्यू करना था पर ऐसा नहीं किया गया है। नीलसन के अनुसार




टीम अच्छी तहर से आगे बढ़ रही थी और वह दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज क तैयारी कर रहे थे पर पीसीबी ने उन्हें बताया कि उनकी सेवाओं की अब आवश्यकता नहीं है। गिलेस्पी को लगता है कि नीलसन ने खिलाड़ियों के साथ बहुत अच्छा तालमेल बनाया है। ये बात उन्होंने सार्वजनिक रूप से कई बार कही है। यही शायद उनके गुस्सा होने की वजह भी है।

# हेडन ने तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों को सलाह दी

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने तीसरे क्रिकेट मैच को लेकर भारतीय गेंदबाजों और बल्लेबाजों को सलाह दी है। हेडन ने भारतीय गेंदबाज को शनिवार से गाबा में होने वाले तीसरे टेस्ट में पिच के उछाल का लाभ उठाना चाहिये। हेडन के अनुसार भारतीय गेंदबाजों को चौथी और पांचवीं स्टंप लाइन को लक्ष्य बनाते हुए गेंदबाजी करनी चाहिये। भारतीय टीम के गेंदबाज एडिलेड में खेले गये गुलाबी गेंद वाले दूसेर टेस्ट में प्रभावी नहीं रहे थे। उसी को देखते हुए हेडन ने भारतीय गेंदबाजों को ये सलाह दी है। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज अभी 1-1 से बराबरी पर है। भातरीय टीम ने पहला जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट जीता है। हेडन ने कहा कि भातरीय गेंदबाजों को चौथी और पांचवीं स्टंप लाइन पर थोड़ा और अधिक



भरोसा करना चाहिए। इसके साथ ही सबसे उन्हें उछाल का उपयोग करना चाहिये। हेडन ने कहा कि ब्रिसबेन में तेज गेंदबाजी इकाई को उछाल का इस्तेमाल करना आना चाहिये। साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया के पास गुलाबी गेंद से खेलने की कला है और वे इससे बहुत मैच जीत चुके हैं। वहीं बल्लेबाजों को हालात को समझते हुए संभलकर खेलना चाहिये। उन्हें विकेट पर कुछ समय बिताने के बाद बेहतर बल्लेबाजी करनी चाहिए। उन्हें कठिन हालातों में भी एक दिन तो बल्लेबाजी करनी ही होगी।

# पोंटिंग ने हैरी को विश्व को सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज बताया

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक की जमकर प्रशंसा की है। पोंटिंग ने कहा कि हैरी इस समय विश्व के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज हैं। पोंटिंग के अनुसार हैरी सभी प्रारुपों में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज हैरी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपने ही देश के जो रुट को छोड़कर नंबर एक पर पहुंच गये हैं। ब्रुक ने न्यूजीलैंड के दौरे के दौरान क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट में 171 रन बनाए थे। वहीं वेलिंगटन में दूसरे टेस्ट में उन्होंने 123 और 55 रन बनाए। उनका विदेशी धरती पर टेस्ट में औसत 89.35 है, जबकि घरेलू धरती पर उनका औसत केवल 38.05 रन है। घर से बाहर पहले 10 टेस्ट मैचों में उनके नाम सबसे अधिक सात शतक हैं जबकि डोनाल्ड ब्रैडमैन, नील हार्वे सहित अन्य बल्लेबाजों के केवल 6 शतक हैं। पोंटिंग ने कहा कि घर से बाहर 8 या 9 शतकों में से यह उनका सातवां शतक है और इस तरह से वह क्लास के साथ रन बनाते हैं और वह उन्हें इस नई व्यवस्था के तहत तेजी से हासिल करते हैं और मुझे उन्हें खेलते हुए देखना पसंद है। वह मेरे विचार से इस समय दुनिया का



सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज है। वह कुछ अद्भुत चीजें कर रहा है और उनमें से ज्यादातर वह घर से बाहर कर रहा है। हैरी ने साल 2022 में अपना टेस्ट डेब्यू करने के बाद से ही अबतक 23 मैचों की 38 पारियों में 61.62 की औसत से 2,280 रन बनाये हैं। पोंटिंग ने 2023 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में इस क्रिकेटर को दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच के रूप में 4 करोड़ रुपए में शामिल किया था पर वह निजी कारणों से आईपीएल 2024 में शामिल नहीं हो सके थे।

## व्यापार

# शेयर बाजार की भारी गिरावट के साथ शुरुआत

### सेंसेक्स 550 अंक टूटा, निफ्टी 24,400 के नीचे फिसला

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों और वॉल स्ट्रीट में गिरावट के चलते शुक्रवार के कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट देखी जा रही है। गिफ़्ट निफ्टी फ्यूचर्स के स्तर भी कमजोर शुरुआत का इशारा कर रहे हैं। हालांकि, महंगाई के बेहतर आंकड़े बाजार को थोड़ी राहत दे सकते हैं। गिफ़्ट निफ्टी फ्यूचर्स 105 अंक गिरकर 24,543 के स्तर पर ट्रेड करता दिखा, जिससे बाजार में गिरावट की संभावना दिख रही है। वहीं घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स 236.18 अंक गिरकर 81,289.96 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 81,680.97 का उच्चतम और 81,211.64 का न्यूनतम स्तर छुआ। एनएसई निफ्टी50 में भी गिरावट रही। निफ्टी 93.10 अंक टूटकर 24,548.70 पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार में निफ्टी ने 24,675.25 का उच्चतम



और 24,527.95 का न्यूनतम स्तर छुआ। मंझोले और छोटे शेयरों में भी दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप100 में 0.46 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप100 में 0.9 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। वहीं एशिया-प्रशांत के बाजारों में शुक्रवार को गिरावट दर्ज की गई। इसका कारण अमेरिका के वॉल स्ट्रीट में हुए नुकसान और उम्मीद से ज्यादा बढ़ी महंगाई दर का असर है। चीन में निवेशकों ने बीजिंग के ग्रोथ को बढ़ावा देने के वादों और नीतिगत बदलावों का आकलन किया। दिसंबर तिमाही में टैंकन इंडेक्स 14 पर पहुंच गया, जो सितंबर के 13 और रॉयटर्स के अनुमानित 12 से बेहतर है। हालांकि, निक्केई इंडेक्स 0.717 फीसदी गिरा, जबकि टॉपिक्स इंडेक्स में 0.78 फीसदी की गिरावट आई। कोस्पी 0.27 फीसदी नीचे रहा और एएसएक्स 200 में 0.6 फीसदी की गिरावट देखी गई। वॉल स्ट्रीट पर भी सभी प्रमुख इंडेक्स नीचे रहे। डॉव जोन्स 0.53 फीसदी गिरकर लगातार छठे दिन घाटे में बंद हुआ। नैस्डैक 0.66 फीसदी गिरकर 20,000 के स्तर से नीचे चला गया, और एसएंडपी 500 में 0.54 फीसदी की गिरावट आई।

# सोना हुआ महंगा, चांदी के भाव में गिरावट

### सोने के भाव 78,050 रुपए, चांदी 92,300 रुपए के करीब

**नई दिल्ली।** देश के बाजारों में शुक्रवार को सोने के वायदा कारोबार में तेजी देखने को मिल रही है, जबकि चांदी के भाव में सुस्ती देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव 78,050 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 92,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोना तेजी, जबकि चांदी गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरबरी कॉन्ट्रेक्ट 117 रुपये की तेजी के साथ 78,086 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 102 रुपये की तेजी के साथ 78,071 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरम रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 432 रुपये की गिरावट के साथ



92,201 रुपये पर खुला। इस समय यह 346 रुपये की गिरावट के साथ 92,287 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव में तेजी, जबकि चांदी के भाव में नरमी देखी जा रही है। कॉमेक्स पर सोना 2,704.89 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,709.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 3.20 डॉलर की तेजी के साथ 2,712.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.56 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.61 डॉलर था। इस समय यह 0.14 डॉलर की गिरावट के साथ 31.47 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 मंदिर-मस्जिद विवाद में सर्वे और फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की रोक;गुकेश शतरंज के वर्ल्ड चैंपियन; दिल्ली सरकार महिलाओं को 1000 देगी
2 संसद में संविधान के 75 साल पर विशेष चर्चा आज सेःलोकसभा में राजनाथ सिंह शुरुआत किए,विपक्ष की तरफ से राहुल-प्रियंका बोल सकते हैं
3 महाकुंभ के लिए आज संगम पर गंगा पूजन किए पीएम मोदी,करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास
4 सुप्रीम कोर्ट बोलाः मंदिर-मस्जिद विवादों पर आदेश न सुनाएं अदालतें, मस्जिद-दरगाहों के सर्वे का आदेश भी न दें;केंद्र से 4 हफ्ते में जवाब तलब
5 इंडियन एयरफोर्स को मिलेंगे 12 नए सुखोई जेट्सःरक्षा मंत्रालय की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से Su-30MKI के लिए 13500 करोड़ डील पक्की
6 गडकरी बोलेःवर्ल्ड कॉन्फ्रेंस में मुंह छिपाता हूं, दुनिया में सड़क हादसों का सबसे गंदा रिकॉर्ड हमारा; देश में एक्सीडेंट कम होने के बजाय बढ़े हैं
7 सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायाधीशों को एक संन्यासी जैसा जीवन जीना चाहिए और घोड़े की तरह काम करना चाहिए,शीर्ष कोर्ट ने यह भी कहा कि न्यायाधीशों को सोशल मीडिया का उपयोग करने से बचना चाहिए और अपने फैसलों के बारे में कोई भी राय व्यक्त नहीं करनी चाहिए
8 16 दिसंबर को ट्रैक्टर मार्च,18 को रेल रोको आंदोलन...मांगों को लेकर किसानों का तेज हुआ विरोध
9 हम न झुकेंगे,न दबेंगे, विपक्ष की आवाज का गला घोटना बन गया है नियम,खरगे का सभापति धनखड़ पर निशाना
10 JNU में बवालःफिल्म साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में पथराव,मची भगदड़;एबीवीपी ने लेफ्ट गुट पर लगाया आरोप
11 दिल्ली चुनाव,कांग्रेस की पहली लिस्ट में 21 नाम,केजरीवाल के खिलाफ लड़ेंगे शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित,देवेंद्र यादव को बादली सीट से टिकट
12 तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले में स्थित एक निजी अस्पताल में भीषण आग लग गई,जिससे कई लोगों के हताहत होने की आशंका जताई जा रही है,मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक,छह लोगों की मौत हो चुकी है
13 सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बने गुकेश,18 की उम्र में रच डाला इतिहास,भारतीय स्टार गुकेश ने बढ़ाया देश का मान,राष्ट्रपति मुर्मू से PM मोदी तक ने दी बधाई
14 नवंबर में रिटेल महंगाई घटकर 5.48%,खाने-पीने की चीजें सस्ती होने का असर,अक्टूबर में 14 महीने के सबसे ऊंचे स्तर 6.21% पर थी
15 एक देश,एक चुनाव' को कैबिनेट की मंजूरी, संसद में पास बिल
16छत्तीसगढ़ःनारायणपुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 12 नक्सली ढेर
17 जम्मू-कश्मीर में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़,भारी मात्रा में हथियार जब्त
18 Tamil Naduः तमिलनाडु के डिंडीगुल में अस्पताल में लगी भीषण आग,मासूम सहित छह लोगों की मौत
19 Israel-Hamasः गाजा पट्टी पर एक बार फिर इस्राइल का हवाई हमला,25 फलस्तीनियों की मौत कई घायल
20 जैश-ए-मोहम्मद पर NIA का शिकंजा,देश के 8 राज्यों में 19 ठिकानों पर की छापेमारी
21 फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ने 2024 में 11,000 करोड़ रुपये की अघोषित आय की जानकारी दीःकेंद्र
22 दिल्ली विधानसभा चुनावःकांग्रेस ने 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की,नई दिल्ली से केजरीवाल के खिलाफ लड़ेंगे पूर्व सांसद संदीप दीक्षित
23 अगले आदेश तक मंदिर-मस्जिद से जुड़े नए मुकदमों पर रोक,सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों को सुनवाई नहीं करने का भी दिया निर्देश
24 संयुक्त राष्ट्र में गाजा पर प्रस्ताव पास,भारत ने किया समर्थन;इजरायल और अमेरिका ने विरोध में डाला वोट
25 UP, राजस्थान, हरियाणा की बसों के दिल्ली आने पर रोक,इलेक्ट्रिक और CNG वाहनों को ही मिलेगी एंट्री;प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश
26 ट्रूडो ने ट्रंप के मजाक का दिया कड़ा जवाब,कहाःअमेरिका में दुर्भाग्य से ऐसा नेता जीता जो महिला अधिकारों के खिलाफ है
27 Maharashtraः बीएमसी को लेकर एकनाथ शिंदे ने साफ किया रूख,कहाःमहायुति के साथ मिलकर लड़ेंगे चुनाव
28 सुखोई फाइटर जेट और होविट्जर को लेकर बड़ी डील,20000 करोड़ के मेक इन इंडिया' प्रोजेक्ट को मंजूरी
29 सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को मिलेगा कैशलेस उपचार,देशभर में नियम लागू करने की तैयारी में केन्द्र सरकार
30 डोनाल्ड ट्रंप ने अपने शपथग्रहण समारोह के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को आमंत्रित किया,दुनिया हैरान
31 ACP मोहसिन खान पर IIT छात्रा से रेप का आरोप,बंद कमरे हुई पूछताछ;SIT गठित
32 Weatherःकश्मीर के मैदानी इलाकों में सीजन की पहली बर्फबारी,अब पांच दिन तक सताएंगी सर्द हवाएं;कई मार्ग बंद
33 FIDE World Championshipः18 साल के डी गुकेश बने वर्ल्ड चैंपियन,पीएम मोदी ने दी बधाई,शतरंज में चीन की बादशाहत खत्म
34 RBI को बम से उड़ाने की धमकी,बैंक की वेबसाइट पर रूसी भाषा में आया ई-मेल
35 दिल्ली में आज फिर स्कूलों में बम की धमकी से सुबह-सुबह खलबली,ये विद्यालय बंद
36 भगदड़ में महिला की मौत मामले में अल्लू अर्जुन को 14 दिन की जेल,नहीं मिली राहत
37 अफगानिस्तान से सीरिया तक मोदी का जादू ! तख्तापलट के बावजूद सरकार ने कैसे बनाए रखे कूटनीतिक रिश्ते
38 एक्टर अल्लू अर्जुन को हाईकोर्ट से जमानत, लोअर कोर्ट ने भेजा था 14 दिन की जेल
39 दिल्ली विधानसभा चुनावःनजफगढ़ से AAP ने तरुण यादव को टिकट दिया
40 इंजीनियर अतुल सुसाइडःजांच के लिए जौनपुर फैमिली कोर्ट पहुंची बेंगलुरु पुलिस




## जीरो से रीस्टार्ट का ट्रेलर आउट, विधु विनोद चोपड़ा ने दिखाई शानदार सिनेमाई सफर की झलक

विक्रांत मैसी स्टारर मोस्ट अवेटेड 'जीरो से रीस्टार्ट' का ट्रेलर आउट हो चुका है. विधु विनोद चोपड़ा ने दर्शकों को 2 मिनट 9 सेकंड के ट्रेलर में शानदार सिनेमैटिक एक्सपीरियंस की झलक दिखाई है. 'जीरो से रीस्टार्ट' का ट्रेलर बेहद शानदार है, जो कहानी से पहले की कहानी की एक झलक पेश करता है. इस बात में कोई शक नहीं है कि 12वीं फेल के बाद विधु विनोद चोपड़ा एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने को तैयार हैं. कई ट्विस्ट, दिल को छू लेने वाले इमोशन्स, कॉमेडी और एंटरटेनिंग ड्रामे से भरपूर, ट्रेलर एक शानदार सिनेमाई सफर पर ले जाने के साथ ही चोपड़ा की बेहतरीन शैली को दिखाता है. विधु विनोद चोपड़ा फिल्म्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर कैप्शन में लिखा, भारतीय सिनेमा की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक के निर्माण में लगे पागलपन की एक झलक पाने के लिए तैयार हो जाइए! जीरो से रीस्टार्ट का ट्रेलर रिलीज हो चुका है. फिल्म 13 दिसंबर से सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है.

जीरो से रीस्टार्ट का टीजर 13 नवंबर, 2024 को रिलीज हुआ था. ऐसे में ट्रेलर दर्शकों की एक्साइटमेंट को और भी बढ़ाता नजर आ रहा है. गोवा में हुए आईएफएफआई में फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर हुआ था, जहां इसे काफी सराहा गया. जीरो से रीस्टार्ट को लेकर विधु विनोद चोपड़ा ने हाल ही में बताया कि उन्?हें लगता है कि ईमानदारी से फिल्म बनाने के लिए साहस बहुत जरूरी होता है, क्योंकि सिनेमा में असलियत को दिखाने की शक्ति होती है. चोपड़ा ने कहा, मैं यहां आप सभी के सामने वैसे ही खड़ा हूं जैसे मैं अपनी असल जिंदगी में हूं. मुझे इस फिल्म से अपशब्दों को हटाने और अपनी छवि चमकाने के लिए कहा गया था, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया, ये मेरे लिए मुश्किल है. विधु विनोद चोपड़ा ने आगे कहा- हम जो असल में हैं, उसे छिपाते हैं और इसे अपने तक ही सीमित रखते हैं और बाहर एक पूरी तरह से अलग इमेज दिखाते हैं. रियल होना जरूरी है. ये बहुत आसान हो सकता है, ये बहुत मुश्किल भी हो सकता है, लेकिन आपको रियल और आपको ईमानदार होना चाहिए.

# फिल्म बागी 4 में नजर आएंगी अभिनेत्री सोनम बाजवा

## टाइग श्रॉफ के साथ बनी जोड़ी








पिछले लंबे समय से अभिनेता टाइगर श्रॉफ अपनी आगामी फिल्म बागी 4 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। यह साल 2016 में आई फिल्म बागी की चौथी किस्त है।इस फिल्म के लिए टाइगर ने एक बार फिर निर्माता साजिद नाडियाडवाला से हाथ मिलाया है।बीते दिन निर्माताओं ने संजय दत्त का फिल्म की स्टार कास्ट में स्वागत किया था, वहीं अब खबर आ रही है कि सोनम बावजा भी बागी 4 की टीम में शामिल हो गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बागी 4 में मुख्य भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने सोनम से संपर्क किया है।कहा जा रहा है कि उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है और उन्होंने इसके लिए हामी भी भर दी है।वह जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू कर सकती हैं। सोनम बागी 4 में टाइगर के साथ रोमांस करती नजर आएंगी।यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। बागी 4 के निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है, जिन्होंने भजरंगी और वेधा जैसी कन्नड़ फिल्मों का निर्देशन किया है। साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म के निर्माता हैं।इस फिल्म को 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बागी 2016 में रिलीज हुई थी, वहीं इसका सीक्वल 2018 में और तीसरा भाग 2020 में आया था।बता दें कि सोनम इन दिनों हाउसफुल 5 की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह फिल्म 6 जून, 2025 को रिलीज होगी।

# ब्लैक गाउन पहन रकुल प्रीत सिंह ने शेयर किया हॉट लुक, एक्ट्रेस की कातिल अदाएं देख फैंस का मचला दिल





बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज पर उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनकी कातिल अदाएं सोशल मीडिया पर आते ही बवाल मचाने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। रकुल प्रीत सिंह जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने ब्लैक कलर का गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही स्टनिंग और हॉट नजर आ रही हैं। बालों को पोनी स्टाइल लुक में बांधकर और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। रकुल प्रीत सिंह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है।

# फहाद फासिल और तृप्ति डिमरी की फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा, साल 2025 की पहली तिमाही में होगी शूटिंग?





अमर सिंह चमकीला की सफलता के बाद अब भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक और निर्माता इम्तियाज अली अपनी अगली फिल्म पर काम शुरू कर दिया है।इस फिल्म के जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता फहाद फासिल बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं।इस फिल्म में फहाद की जोड़ी अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।अब फहाद और तृप्ति की आने वाली फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फहाद और तृप्ति की आगामी फिल्म का नाम इडियट्स ऑफ इस्तांबुल रखा गया है।यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। इन दिनों इम्तियाज फिल्म की कहानी लिख रहे हैं।बता दें कि लैला मजनू के बाद इडियट्स ऑफ इस्तांबुल तृप्ति और इम्तियाज के बीच दूसरा सहयोग होने वाला है, वहीं फहाद पहली बार इम्तियाज के साथ काम करने के लिए काफी उत्साहित हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इम्तियाज साल 2025 की पहली तिमाही में तृप्ति और फहाद के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं।यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।बता दें कि फहाद मलयालम सिनेमा के जाने-माने अभिनेता हैं। उन्होंने मालिक, विक्रम, आवेशम और वेट्टैयान जैसी फिल्मों में काम किया है।इन दिनों वह फिल्म पुष्पा 2: द रूल को लेकर चर्चा में हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।